मंगलवार
20 फरवरी 2024

# केशव टाइम्स
डिजिटल संस्करण
आपकी आवाज

प्रमुख खबरें : दिल्ली ■ पटना ■ बक्सर ■ शाहाबाद ■ मगध ■ सारण ■ मिथिलांचल ■ चंपारण ■ पूर्वांचल ■ लखनऊ


शादी से दो माह पहले चलती ट्रेन से गिरने से युवक की मौत
2

### प्रधानमंत्री मोदी ने लखनऊ में आयोजित ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी के चौथे संस्करण का किया उद्घाटन, निवेशकों को किया आमंत्रित

# यूपी में बना है व्यापार, विकास व विश्वास का माहौल: मोदी

- मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने भगवान श्रीगणेश की मूर्ति भेंट कर प्रधानमंत्री का किया स्वागत-अभिनंदन
- पीएम बोले- यूपी में उद्योग जगत के लिए अनंत अवसर की बेला

**केटी न्यूज ब्यूरो/लखनऊ**

मुझे यूपी के सामर्थ और डबल इंजन सरकार के परिश्रम पर पूरा विश्वास है। मैं योगी जी को विशेष बधाई देता हूं। हर हिन्दुस्तानी को गर्व होता है कि यूपी ने ठान लिया है कि वो एक ट्रिलियन डालर की इकोनॉमी बनेगा। देश के सभी राजनीतिक दल से कहूंगा कि राजनीति छोड़िए और यूपी से सीखिए। आप कितने ट्रिलियन डॉलर की इकोनॉमी अपने राज्य को बनाएंगे, ये संकल्प करके मैदान में आइए। देश तभी आगे बढ़ेगा जब यूपी की तरह हर राज्य बड़े सपने और संकल्प लेकर चल पड़ेगा। उद्योग जगत के साथियों के लिए यूपी में अनंत अवसर की बेला है। आपने कभी सोचा नहीं होगा उतनी तेजी से यूपी अपने सारे संकल्पों को पूरा कर रहा है। ये बातें प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सोमवार को इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में आयोजित ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी के चौथे संस्करण के उद्घाटन समारोह के दौरान कही। प्रधानमंत्री ने रिमोट का बटन दबाकर 10 लाख करोड़ रुपए से अधिक की 14 हजार से ज्यादा परियोजनाओं का शुभारंभ किया। इस दौरान उन्होंने चलचित्र के माध्यम से बदलते उत्तर प्रदेश की झलक भी देखी।

अपने उद्बोधन में प्रधानमंत्री ने कहा कि सात वर्ष पहले हम सोच भी नहीं सकते थे कि यूपी में निवेश और नौकरियों को लेकर ऐसा माहौल बनेगा। पहले चारों तरफ अपराध, दंगे, छीनाझपटी यही खबरें आती रहती थीं। उस दौरान अगर कोई कहता कि यूपी को विकसित बनाएंगे तो शायद कोई सुनने को भी तैयार नहीं होता। आज लाखों करोड़ का निवेश उत्तर प्रदेश में उतर रहा है। प्रधानमंत्री ने कहा कि आज उत्तर प्रदेश में हजारों प्रोजेक्ट पर काम शुरू हो रहा है। ये उद्योग यूपी की तस्वीर बदलने वाले हैं।

- पीएम ने 10 लाख करोड़ रु. की 14 हजार से ज्यादा परियोजनाओं का किया शुभारंभ
- बोले प्रधानमंत्री... देश के हर राज्य को उत्तर प्रदेश से सीखना चाहिए



### पूरी दुनिया भारत को बेहतर रिटर्न की गारंटी मान रही

प्रधानमंत्री ने कहा कि भारत को लेकर पूरी दुनिया में अभूतपूर्व पॉजिटिविटी दिख रही है। पीएम मोदी ने कतर और यूएई की यात्रा का जिक्र करते हुए बताया कि हर देश भारत के विकास को लेकर आश्वस्त और भरोसे से भरा हुआ है। पूरी दुनिया भारत को बेहतर रिटर्न की गारंटी मान रही है। उन्होंने कहा कि अक्सर देखा जाता है कि चुनाव नजदीक होने पर लोग नये निवेश से बचते हैं। लेकिन आज उत्तर प्रदेश में सोच भी तोड़ दी है। दुनियाभर के इन्वेस्टर्स को सरकार की पॉलिसी और स्टेबिलिटी पर पूरा भरोसा है। ये विश्वास लखनऊ में झलक रहा है। प्रधानमंत्री ने कहा कि देश में जिस प्रकार की सोच आजादी के बाद से अनेक दशकों तक रही है उसपर चलते हुए ये परिवर्तन संभव ही नहीं था। तब की सरकारों की सोच थी कि देश के नागरिकों का जैसे तैसे गुजारा कराओ। उन्हे हर मूलभूत सुविधा के लिए तरसा के रखो। पहले की सरकारें केवल चुनिंदा शहरों में अवसर उपलब्ध कराती थीं, जिसके कारण देश का बड़ा हिस्सा विकास से वंचित रह गया। डबल इंजन सरकार ने पुरानी राजनीतिक सोच को बदल कर रख दिया है। हम हर नागरिक के जीवन को आसान बनाने में जुटे हैं। जीवन आसान होगा तो निवेश और कारोबार करना भी आसान होगा।

उत्तर प्रदेश में बीते सात साल में रेड टेप कल्चर को खत्म करके रेड कार्पेट कल्चर का माहौल बना है। यूपी में ना केवल क्राइम कम हुआ है, बल्कि बिजनेस कल्चर का विस्तार भी हुआ है। बीते सात साल में यूपी में व्यापार, विकास और विश्वास का माहौल बना है। यहां आए सभी निवेशकों के बीच आशावाद दिख रहा है। डबल इंजन सरकार ने दिखाया है कि अगर बदलाव की सच्ची नीयत है तो उसे कोई रोक नहीं सकता। बीते कुछ वर्षों में यूपी से होने वाला एक्सपोर्ट दोगुना हो चुका है। यूपी वो राज्य है जहां देश में सबसे ज्यादा एक्सप्रेसवे हैं। यहां सबसे ज्यादा इंटरनेशनल एयरपोर्ट हैं। यहां देश की पहली रैपिड रेल चल रही है। वेस्टर्न और ईस्टर्न डेडिकेटेड फ्रेट कॉरिडोर का बड़ा नेटवर्क यूपी से गुजरता है। नदियों के नेटवर्क का भी मालवाहक जहाजों के लिए उपयोग किया जा रहा है। ट्रांसपोर्टेशन सस्ता हुआ है।


### उत्तर प्रदेश में पर्यटन हब बनने का सामर्थ्य

प्रधानमंत्री ने लखपति दीदी योजना, पीएम स्वनिधि योजना, प्रधानमंत्री आवास योजना की भी विस्तार से चर्चा करते हुए कहा कि इससे ग्रामीण और शहरी मध्यम वर्ग की खरीद शक्ति बढ़ी है। उन्होंने एमएसएमई को यूपी की ताकत बताया। साथ ही ओडीओपी और पीएम श्रम सम्मान योजना की भी चर्चा करी। प्रधानमंत्री ने कहा कि काशी का सांसद होने के नाते वहां के लकड़ी के खिलौनों को हमेशा प्रमोट करता हूं। भारत में खिलौना कारोबार की बहुत समृद्ध परंपरा रही है। कहा कि यूपी में पर्यटन हब बनने का सामर्थ्य है। लाखों लोग काशी और अयोध्या आ रहे हैं। टूरिज्म सेक्टर से जुड़े उद्योगों के लिए ये सुनहरा अवसर है। उन्होंने कहा कि 2025 में यूपी में कुंभ का आयोजन होगा, ये यूपी की अर्थव्यवस्था के लिए बहुत महत्वपूर्ण अवसर होगा। प्रधानमंत्री ने कहा कि पीएम सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना से ना केवल देशवासियों को मुफ्त बिजली मिलेगी, बल्कि अतिरिक्त बिजली कमाई का साधन भी बनेगी। इस क्षेत्र में इंस्टॉलेशन, मेंटेनेंस और सप्लाई चेन में लाखों रोजगार के अवसर सृजित होंगे।

### देश के लिए काम करने से भी देश की सेवा होती है

प्रधानमंत्री ने विभिन्न जन कल्याणकारी योजनाओं की चर्चा करते हुए कहा कि सरकार जब अपनी तरफ से लाभार्थियों को लाभ पहुचाती है, तो यही सच्चा अर्थ में सामाजिक न्याय और सच्चा सेक्युलरिज्म होता है। मोदी की गारंटी है कि जबतक हर लाभार्थी को उसका हक नहीं मिलता, हमारी सरकार शांत नहीं बैठेगी। यही वो समाजिक न्याय है, जिसका सपना जेपी और लोहिया ने देखा था। उन्होंने कहा कि हमारी सरकार की योजनाएं सामाजिक न्याय और अर्थव्यवस्था को मजबूती प्रदान करती हैं। प्रधानमंत्री ने कहा कि केवल भगत सिंह की तरह फांसी पर लटकने से ही देश की सेवा होती है, ऐसा नहीं है। देश के लिए काम करने से भी देश की सेवा होती है।

**कांग्रेस के लोग भारत रत्न पर एक ही परिवार का हक समझते हैं:** प्रधानमंत्री ने कहा कि हमारी सरकार ने कुछ ही दिन पहले किसानों के मसीहा चौधरी चरण सिंह को भारत रत्न प्रदान किया है। दुभार्ग्य से ये बात कांग्रेस और उसके सहयोगियों को समझ में नहीं आती। कांग्रेस के लोग भारत रत्न पर एक ही परिवार का हक समझते हैं। दशकों तक बाबा साहब को भारत रत्न नहीं दिया गया। ये लोग केवल अपने परिवार को भारत रत्न देते रहे हैं। प्रधानमंत्री ने फूड प्रोसेसिंग से जुड़े उद्यमियों का आह्वान किया कि उन्हें संकल्प लेना चाहिए कि दुनिया के हर डायनिंग टेबल पर मेक इंन इंडिया का प्रोडक्ट जरूर होना चाहिए। उन्होंने कहा कि मिलेट्स को लेकर नया ट्रेंड देखने को मिल रहा है। इस सुपर फूड में इन्वेस्टमेंट का अच्छा अवसर है। सरकार छोटे छोटे किसानों को बाजार की बड़ी ताकत बनाना चाहती है। इस अवसर पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने प्रधानमंत्री को भगवान गणेश की मूर्ति भेंट कर उनका स्वागत एवं अभिनंदन किया। मौके पर राज्यपाल आनंदी बेन पटेल, मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, केंद्रीय रक्षामंत्री राजनाथ सिंह, डिप्टी सीएम, विधानसभा अध्यक्ष, विधानपरिषद् के सभापति, औद्योगिक क्षेत्र के प्रतिनिधिगण मौजूद रहे।



## मोदी ने किया कल्कि धाम का शिलान्यास, बोले.. ईश्वर ने मुझे राष्ट्र रूपी मंदिर के निर्माण का जिम्मा सौंपा है

**केटी न्यूज/संभल**

श्री कल्कि धाम के शिलान्यास के लिए संभल पहुंचे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि भारत अब पराभव से विजय की ओर प्रस्थान करने वाला राष्ट्र बन गया है। हम पर सैकड़ो वर्षों से आक्रमण हुए। कोई और देश होता तो नष्ट हो गया होता। हम फिर भी डटे हैं। सदियों के बलिदान अब फलीभूत हो रहे हैं। जैसे लंबे समय से पड़ा बीज वर्षा काल में अंकुरित होता है। प्रधानमंत्री ने कहा कि जैसे प्रमोद कृष्णम् यहां मंदिर बना रहे हैं, वैसे ही ईश्वर ने मुझे राष्ट्र रूपी मंदिर के निर्माण का जिम्मा सौंपा है। उसको भव्यता दे रहा हूं। भारत पहली बार उस मुकाम पर है कि अब वह अनुसरण नहीं दुनिया भर में उदाहरण पेश कर रहा है। हम इनोवेशन और आईटी सेक्टर में संभावना के तौर पर देखे जा रहे हैं। हम दुनिया में पांचवी अर्थव्यवस्था हैं। चंद्रमा के दक्षिणी ध्रुव पर पहुंचने वाले पहले देश हैं। वंदे भारत, नमो भारत ट्रेनों का संचालन किया गया है। जल्द ही बुलेट ट्रेन चलने जा रही है। अब देश का हर व्यक्ति गौरव गौरवान्वित महसूस करता है। अब हमारी शक्ति अनंत और संभावनाएं अपार हैं।

प्रधानमंत्री ने कहा कि श्री कल्कि धाम मंदिर परिसर 5 एकड़ में बनकर तैयार होगा। इसका निर्माण कार्य पूरा होने में 5 साल लगेंगे। इस मंदिर का निर्माण भी बंसी पहाड़पुर के गुलाबी पत्थरों से होगा। सोमनाथ मंदिर और अयोध्या का राम मंदिर भी बंसी पहाड़पुर के पत्थरों से ही बना है। मंदिर के शिखर की ऊंचाई 108 फीट होगी। इसमें स्टील या लोहे का इस्तेमाल नहीं होगा। श्री कल्कि धाम मंदिर में 10 गर्भगृह होंगे। जिनमें भगवान विष्णु के 10 अवतारों के विग्रह स्थापित किए जाएंगे। प्रधानमंत्री ने कहा कि कालचक्र बदल चुका है अब नए युग की शुरूआत हो चुकी है।

### श्रद्धालुओं की आस्था का प्रतीक है कल्कि धाम

प्रधानमंत्री ने कहा कि कल्कि धाम में आज कई संत, धर्मगुरु और अन्य जाने-माने लोग शामिल हुए हैं। वहीं, उज्जैन के बाबा महाकाल मंदिर से जुड़े महात्मा वैदिक मंत्र के बीच पूजन का कार्यक्रम संपन्न कराया है। उन्होंने कहा कि यहां 10 गर्भगृह होंगे, भगवान के दसों रूपों को रखा जाएगा। यहां ईश्वरीय अवतार को अलग-अलग तरह से प्रस्तुत किया जाएगा। ये ईश्वर की कृपा है कि भगवान ने मुझे इस काम का माध्यम बनाया है। उत्तर प्रदेश के संभल में कल्कि धाम देशभर के श्रद्धालुओं की आस्था का प्रतीक है. इसका निर्माण कल्कि धाम निर्माण ट्रस्ट द्वारा किया जा रहा है। कार्यक्रम में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, जगतगुरु अवधेशानंद गिरि, कैलाशानंद गिरी समेत देशभर से आए कई संत महात्मा उपस्थित थे।

## सम्राट बोले... तेजस्वी जनता को बताएं कितना भ्रष्टाचार किया है

**केटी न्यूज/पटना**

बिहार में सत्ता से बेदखल होने के बाद तेजस्वी यादव 'जन विश्वास यात्रा' की शुरूआत करने वाले हैं। राहुल गांधी की भारत जोड़ो न्याय यात्रा की ही तर्ज पर तेजस्वी यादव की यात्रा होगी। इसका शेड्यूल 20-29 फरवरी तक रखा गया है। इसकी शुरूआत मुजफ्फरपुर से होगी, जहां एक रैली को तेजस्वी यादव संबोधित करेंगे। इस दौरान 17 महीने में किए गए सरकार के कामकाज का ब्योरा देंगे। वहीं, तेजस्वी के इस यात्रा को लेकर बिहार के उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने जोरदार पलटवार किया है। सम्राट ने कहा है कि तेजस्वी को पहले लूट यात्रा निकालनी चाहिए



उसके बाद वो आगे की सोच रखें। सम्राट चौधरी ने तेजस्वी की यात्रा से जुड़े सवाल को लेकर कहा कि- तेजस्वी यादव के पहले लूट यात्रा निकालना था। बिहार में जो उनके परिवार में भ्रष्टाचार किया था। पहले तो लूट यात्रा कर बताना चाहिए कि कितना भ्रष्टाचार उन्होंने किया है और उनके परिवार ने किया है। उसके बाद वो जिस यात्रा पर निकलना चाहे निकलें हमें कोई एतराज नहीं है।

## राबड़ी के नेतृत्व में राजद विधायकों ने नीतीश के खिलाफ लगाए नारे, सृजन चोर... गद्दी छोड़

**केटी न्यूज/पटना**

बिहार विधान परिषद की कार्रवाई शुरू होने से पहले आरजेडी के सदस्यों ने विधान परिषद पोर्टिको में जमकर नारेबाजी की। विधान परिषद में विरोधी दल का नेता मनोनीत होने के बाद पहली बार सदन पहुंची राबड़ी देवी ने अपने पार्टी के नेताओं के साथ प्रदर्शन किया। विधानसभा में विधायकों को धमकाने, सृजन घोटाले और अन्य मांगो को लेकर बिहार विधान परिषद की कार्रवाई शुरू होने से पहले आरजेडी के सदस्यों ने विधान परिषद पोर्टिको में जमकर की नारेबाजी। राबड़ी देवी और सुनील सिंह के नेतृत्व में आरजेडी विधायकों ने सृजन चोर गद्दी छोड़ के नारे लगाए और सरकार के खिलाफ जमकर प्रदर्शन किया। राजद एमएलसी सुनील सिंह ने कहा कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार विधान परिषद के अंदर जिस तरह से विधायकों, विधान पार्षदों को धमका रहे हैं, इससे साफ पता चलता है कि वे दुर्भावना से ग्रसित हैं।

### माले विधायकों का प्रदर्शन, बीजेपी से इलेक्टोरल बॉन्ड पर मांगा जवाब

बिहार विधानसभा के बजट सत्र के चौथे दिन सदन की कार्यवाही शुरू होने से पहले माले विधायकों ने प्रदर्शन किया। माले विधायकों ने एनडीए सरकार पर सवाल उठाते हुए कहा कि- जातीय गणना के आंकड़ों का झूठा बताना बंद करो, इलेक्टोरल बॉन्ड पर जवाब दो जैसे तख्ती लेकर प्रदर्शन किया। लेफ्ट का आरोप है कि इलेक्टोरल बॉन्ड के माध्यम से भाजपा ने अपने पूंजीपति साथियों से 6.5 हजार करोड़ की घूस ली है। अब सुप्रीम कोर्ट के फैसले के बाद भाजपा को इसका हिसाब देना चाहिए।

**कब्र खोदकर हो रही शवों की चोरी, कांग्रेस विधायक ने विधानसभा में उठाया मामला:** कटिहार के कदवा में कब्रिस्तान से शवों की चोरी का मामला विधानसभा में उठा। कांग्रेस विधायक शकील अहमद खां ने सरकार से इसको लेकर सवाल पूछा और कब्रिस्तान की घेराबंदी कराने की मांग की।

## मदरसे में लड़कियों से मालिश कराता था टीचर, हंगामा

**केटी न्यूज/पटना**

पूर्णिया के एक मदरसे में टीचर छात्राओं से ही छेड़खानी करता था। छात्राओं का कहना है कि पढ़ाने की जगह हाथ-पैर दबवाते हैं। शरीर पर तेल मालिश करवाते हैं। कुछ दिन पहले टीचर एक महिला के साथ मदरसे में पकड़ा गया था। हंगामा मचने पर पंचायत में मामला रफा-दफा कर दिया गया था। शिक्षक की इस हरकत से परेशान होकर छात्राओं ने परिजनों से शिकायत कर दी। आक्रोशित परिजन सोमवार को मदरसे में पहुंचे। आरोपी शिक्षक की गिरफ्तारी और बर्खास्तगी की मांग को लेकर जमकर हंगामा किया। हालांकि आरोपी शिक्षक ने अपने ऊपर लगे आरोपों को बेबुनियाद बताया है। मामला श्रीनगर प्रखंड के रहीकपुर मदरसा मिफ्ताऊल ऊलूम से जुड़ा है। यहां 10वीं तक की पढ़ाई होती है।

आरोपी की पहचान मोहम्मद तहसीन के रूप में हुई है। तहसीन मदरसे में सहायक शिक्षक के रूप में कार्यरत है। तीन फरवरी को शिक्षक को ग्रामीणों ने एक महिला के साथ बंद कमरे में अश्लील हरकत करते पकड़ा था। इसके बाद गांव में खूब हंगामा हुआ था। ग्रामीणों की शिकायत पर पुलिस भी मौके पर पहुंची थी। हालांकि, बाद में पंचायत बैठी और पूरा मामला रफा-दफा कर दिया गया। इससे जुड़ा एक वीडियो भी सामने आया था।

**आरोपी शिक्षक बोला... मुझे फंसाने की हो रही साजिश:** आरोपी शिक्षक मो. तहसीन ने कहा कि गांव के कुछ ग्रामीण मदरसे की जमीन को हड़पने की मंशा रखते हैं। जिसे मैं कामयाब नहीं होने दे रहा हूं। इसी को लेकर ग्रामीणों ने झूठा आरोप लगाया है। जिला शिक्षा पदाधिकारी शिवनाथ रजक ने बताया कि मामले को लेकर आवेदन प्राप्त हुआ है। जांच की जा रही है। आरोप सही पाए जाने पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

### बिहार में मदरसों के लिए सरकारी खजाना खोलने पर बाल अधिकार आयोग सख्त: मुख्य सचिव को किया

**पटना।** बिहार की नीतीश सरकार ने मदरसों के लिए सरकारी खजाना खोल रखा है। बड़े पैमाने पर मदरसों को सरकारी खजाने से पैसा दिया जा रहा है। अब राष्ट्रीय बाल अधिकार संरक्षण आयोग ने इस पर सख्त एतराज जताते हुए कहा है कि ये संविधान का उल्लंघन है। आयोग ने बिहार के मुख्य सचिव को इस मामले में सफाई देने के लिए हाजिर होने को कहा है। राष्ट्रीय बाल अधिकार संरक्षण आयोग के अध्यक्ष प्रियांक कानूनगो ने बिहार के मुख्य सचिव को पत्र लिख तलब किया है। इस पत्र में कहा गया है कि बिहार के मदरसों को लेकर राष्ट्रीय बाल अधिकार संरक्षण आयोग ने पहले भी बिहार सरकार से जवाब मांगा था। लेकिन सरकार की ओर से भेजा गया जवाब असंतोषजनक है। आयोग ने कहा कि शिक्षा के अधिकार कानून के तहत देश के हर बच्चे को शिक्षा देना है। संविधान के मुताबिक भी प्राथमिक शिक्षा प्राप्त करना किसी भी बच्चे का मौलिक अधिकार है। संविधान में ये भी कहा गया है कि सरकार को किस तरह बच्चों को शिक्षा दिलाना है।

**सरकार से मांगा जवाब:** बाल अधिकार संरक्षण आयोग ने बिहार सरकार से कहा है कि वह हलफनामा दायर करे कि बिहार में कोई ऐसा मदरसा नहीं चल रहा है जो रजिस्टर्ड नहीं हो। सरकार ये भी बताये कि मदरसों में कितने गैर मुस्लिम छात्र पढ़ रहे हैं. उनकी पूरी जानकारी दी जाये. सरकार ये भी बताये कि मदरसों से कितने गैर मुस्लिम बच्चों ने 12वीं तक की शिक्षा पूरी की है. राष्ट्रीय बाल अधिकार संरक्षण आयोग ने बिहार सरकार से पूछा है कि मदरसों की शिक्षा पूरी करने के बाद कितने गैर मुस्लिम बच्चों को मौलवी बनाया गया है।



# सदर अस्पताल के समीप से चोरी गयी एंबुलेंस गया से बरामद, चालक गिरफ्तार

♦ एंबुलेंस चालक के पास से पुलिस ने तीन चाभी बरामद

**केटी न्यूज/जहानाबाद**

नगर थाना क्षेत्र के सदर अस्पताल गेट नं 02 के समीप से बीती रात चोरी गयी एंबुलेंस को पुलिस ने 48 घंटे के अंदर बरामद कर लिया है। एंबुलेंस की बरामदगी पुलिस ने गया स्टेशन के समीप से किया है। बताया जाता है कि शुक्रवार की रात सदर अस्पताल के गेट नं 02 से दक्षिणी दौलतपुर




राजाबाजार के रहने वाले मुकेश कुमार की एंबुलेंस चोरों ने गायब कर दी थी। वाहन चोरी की जानकारी होने पर एंबुलेंस मालिक ने इसकी सूचना स्थानीय पुलिस को दी। सूचना पर पहुंची नगर थाना पुलिस ने मामले की तहकीकात की तथा मिले निशानदेही के आधार पर पहले दो-तीन व्यक्ति को शक के आधार पर उठाया और पूछताछ कर छोड़ दिया. इधर पुलिस को जिस व्यक्ति पर वाहन चोरी में शामिल रहने का शक था जिसके बाद उस पर पुलिस की पैनी नजर थी। तकनीकी बिंदुओं पर नजर गड़ाये बैठी थी। इसी क्रम में सदर प्रखंड के सेवनन का रहने वाला सुजीत पांडेय ने एंबुलेंस मालिक को सूचना दी कि उनका एंबुलेंस गया में देखा गया है जिसके बाद पूछताछ कर छोड़े गये सुजीत को पुलिस उठाया और कड़ाई से पूछताछ की तो उसने सारे राज उगल दिये। पकड़ा गया व्यक्ति भी एंबुलेंस चलाता है जो जहानाबाद में रह कर परिवार का भरण-पोषण करता है। गिरफ्तार एंबुलेंस चालक के पास से पुलिस ने तीन चाभी बरामद किया है। सूत्र बताते हैं कि चोरी में शामिल रहे वाहन चोर एंबुलेंस में लगे जीपीएस को खलकोचक में निकाल कर फेंक दिया और एंबुलेंस को गया की ओर ले भागे। इधर गिरफ्तार व्यक्ति का भी मोबाइल लोकेशन खलकोचक, गया एवं एंबुलेंस के इर्द-गिर्द पाया गया था जिसके बाद पुलिस को पहले से ही शक था कि सुजीत एंबुलेंस चोरी में शामिल रहा होगा जो साक्ष्य मिलने के बाद यकीन में बदल गया।

## एक नजर

### जदयू कार्यकताओं ने नव पदस्थापित सीओ को किया सम्मानित



**औरंगाबाद।** जदयू कार्यकताओं ने अंबा में नव पदस्थापित अंचल अधिकारी चंद्र प्रकाश से मुलाकात की और बुके देकर सम्मानित किया। इस मौके पर प्रखंड अध्यक्ष विजय वर्मा ने कहा कि अंचल अधिकारी में बेहतरीन संचार कौशल क्षमता है। वे सज्जन, मेहनती और प्रतिबद्ध मालूम पड़ते हैं। उम्मीद है इनके नेतृत्व में अंचल कार्यालय का कार्य सुचारू ढंग से चलेगा। इस मौके पर जदयू प्रखंड उपाध्यक्ष विरेंद्र पांडेय, जदयू युवा प्रकोष्ठ के प्रखंड अध्यक्ष संतन कुमार सिंह, सुरेंद्र प्रसाद, विरेंद्र मेहता आदि लोग उपस्थित थें।

### नाबालिग लड़की के साथ दो बदमाशों ने किया दुष्कर्म, मामला दर्जे

**औरंगाबाद।** 13 साल की एक नाबालिग लड़की के साथ दुष्कर्म का मामला सामने आया है। पीड़िता की शिकायत पर पुलिस आरोपी की तलाश में जुट गई है। मामला औरंगाबाद ज़िले के ओबरा थाना क्षेत्र के एक गांव का है। जहां एक नाबालिग लड़की के साथ दो बदमाशों ने दुष्कर्म को अंजाम दिया और मौके से फरार हो गए। फिलहाल नाबालिग का इलाज सदर अस्पताल में चल रहा है। सदर अस्पताल में अपनी बच्ची का इलाज करा रही उसकी मां ने बताया कि देर रात गांव में बारात आई थी जिसे देखने वह गई थी। करीब 11 बजे जब वह घर पहुंची तो देखा की रक्तपात हो रही है पूछने पर घटना की जानकारी देते हुऐ वह बेहोश हो गई जिसे इलाज के लिए सदर अस्पताल लाया। वहीं होश में आने के बाद लड़की ने बताया कि जब वह घर लौट रही थी तभी दो लड़कों ने उसे पकड़ लिया। दोनो मुंह दबाकर उसे एकांत में ले गए और दुष्कर्म किया। नाबालिग ने बताया कि उसमे से एक लड़के को वह पहचानती है। इधर इस मामले में एसीएमओ किशोर कुमार ने बताया कि रात्रि में डेढ़ बजे ओबरा पुलिस द्वारा एक नाबालिग लड़की को लाया गया था। मामला दुस्कर्म का हैं जिसमें उसका आवश्यक इलाज किया गया है। इधर मामले में आरोपित के विरुद्ध अग्रिम कार्रवाई की जा रही हैं।

### रविंद्र को राजद मीडिया प्रभारी बनाए जाने पर कार्यकताओं में खुशी

**औरंगाबाद ।** हसपुरा प्रखंड के सोनहथु गांव निवासी रविन्द्र कुमार यादव को प्रखंड मीडिया प्रभारी बनाए जाने पर कार्यकताओं ने खुशी जाहिर किया है ।वही गगन बिगहा गांव निवासी कमलेश सिंह को सोनहथू पंचायत के राजद अध्यक्ष बनाया गया है। यह मनोनयन राजद प्रखंड अध्यक्ष मनीष कुमार अपने दलगत नीति के द्वारा किया ।चयन के पश्चात उक्त दोनो लोगो ने गोह विधान सभा के वर्तमान विधायक भीम कुमार सिंह को धन्यवाद देते हुए खुशी जाहिर की और कहा की हमलोग को क्षेत्र में क्रिया कलाप को देखते हुए नैतिक जिम्मेवारी मिली है ।हर संभव पीड़ित पक्ष को विधि सम्मत सहयोग करते रहूंगा शोषण जुल्म के खिलाफ संघर्ष जारी रहेगा और पार्टी के हित में खरा उतरने का काम करूंगा। इस मौके पर पैक्स अध्यक्ष सचिन कुमार पूर्व प्रमुख लालबाबू सिंह वरिष्ठ राजद नेत्री सोनम कुशवाहा युवा राजद प्रवक्ता यादव एवं अन्य उपस्थित थे।

## खबरें फटाफट

### ऑटो की चपेट में आने से बाइक सवार छात्रा घायल, जीजा फरार

**औरंगाबाद ।** बाइक सवार दो छात्रा ऑटो की चपेट में आने से जख्मी हो गई जिन्हें पुलिस की मदद से अस्पताल में भर्ती करवाया गया। मामला पौथू थाना क्षेत्र के सईरा गांव के समीप की हैं। जहां दोनों छात्रा अपने जीजा के साथ बाइक से मैट्रिक की परीक्षा देने जा रही थी। जख्मियों में थाना क्षेत्र के ही कुसमी गांव निवासी 18 वर्षीय पूजा कुमारी व 15 वर्षीय शिल्पी कुमारी शामिल है। सदर अस्पताल में इलाज के दौरान घायल पूजा ने बताया कि शिल्पी की मैट्रिक का परीक्षा केंद्र औरंगाबाद था। जीजा के साथ बाइक से दोनों परीक्षा देने जा रही थी, जैसे ही सईरा मोड़ के समीप पहुंची की ऑटो की चपेट में आने से जख्मी हो गई । पता चला कि घटना के बाद जीजा बाइक लेकर फरार हो गया। मौके पर स्थानीय लोगों ने मामले की सूचना पुलिस को दी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने दोनों घायल बहनों को इलाज के लिए सदर अस्पताल पहुंचाया, जहां डॉक्टरों ने दोनों का उपचार किया। सदर अस्पताल के चिकित्सक ने बताया कि दोनों का उपचार किया गया है, फिलहाल दोनों की स्थिति सामान्य है।

### बाइक से गिरकर महिला जख्मी

**औरंगाबाद ।** शहर के सिन्हा कॉलेज रोड में अनियंत्रित बाइक से गिरकर एक महिला घायल हो गई। महिला की पहचान तेंदुआ गांव निवासी लालो देवी के रूप में हुई है। मिली जानकारी के अनुसार महिला अपने पति के साथ बाइक पर सवार होकर माली थाना क्षेत्र के बैरवां गांव शादी समारोह में शामिल होने के लिए जा रही थी। इसी दौरान बाइक से गिरकर घायल हो गई। घटना के बाद महिला का इलाज सदर अस्पताल में कराया गया।

## दानापुर पीडीडीयू रेल खंड पर जगजीवन हाल्ट के समीप दोपहर की घटना

# शादी से दो माह पहले चलती ट्रेन से गिरने से युवक की मौत, घर मे मचा कोहराम

♦ शादी की तैयारी में गांव से आया था युवक, पानीपत जाने के दौरान हुआ हादसा





**केटी न्यूज/आरा**

दानापुर-पीडीडीयू रेल खंड पर जगजीवन हाल्ट के समीप सोमवार की दोपहर ट्रेन से गिरकर एक युवक की मौत हो गई। मृतक उदवंतनगर थाना क्षेत्र के सोनपुरा गांव निवासी जीतेंद्र सिंह का 20 वर्षीय पुत्र गोलू कुमार है। वह हरियाणा के पानीपत में प्राइवेट काम करता था। उसकी अप्रैल माह में शादी होने वाली थी। उसी की तैयारी की सिलसिले में वह गांव आया था। सूचना मिलते पर रेल पुलिस घटनास्थल पर पहुंची और शव का पोस्टमार्टम कराया गया। युवक के जीजा मुन्ना कुमार ने बताया कि गोलू कुमार की शादी चौरी थाना क्षेत्र के अनंतपुर गांव में तय हुई थी। 19 अप्रैल को उसकी शादी होने वाली थी। उसी की तैयारी को लेकर वह एक माह पूर्व पानीपत से गांव आया था। सोमवार की दोपहर वह आरा रेलवे स्टेशन से ट्रेन से पानीपत जा रहा था। उसी दौरान जगजीवन हाल्ट के समीप वह चलती ट्रेन से गिर पड़ा। उससे उसकी घटनास्थल पर ही मौत हो गई। बताया जा रहा है कि युवक अपने दो भाई और एक बहन में छोटा था। उसकी मां प्रभावती देवी की लगभग 15 वर्ष पूर्व स्वाभाविक मौत हो गई थी। उसकी मौत से घर में कोहराम मच है। जिस घर में शादी की तैयारी चल रही थी, उस घर में रोना-धोना मच था। घर का माहौल मातम में बदल गया। उसके सिर पर सहरा सजने से पहले ही घर से उसकी अर्थी उठ गई। युवक के परिवार में बड़ा भाई राहुल और बहन रूबी देवी है।

### नव विवाहिता ने फांसी लगाकर की आत्म हत्या, मामले की तहकिकात में जुटी पुलिस

**औरंगाबाद।** एक नव विवाहिता द्वारा फांसी लगाकर आत्म हत्या का मामला सामने आया है। मामला जम्होर थाना क्षेत्र के एनएच - 139 किनारे हुसैनगंज की है। महिला की पहचान 24 वर्षीय फर्जना खातून के रूप में की गई। महिला की एक बच्चा भी है। घटना की सूचना पर पहुंची पुलिस ने मामले में अग्रिम कार्रवाई शुरू कर दी है ।जानकारी के अनुसार परिवारिक कलह से तंग आकर महिला ने यह कदम उठाया। वैसे मामले में मृतिका के मायके वालों ने उसके सुसराल वाले पर दहेज हत्या का आरोप लगाया है। उनका कहना है कि दहेज को लेकर अक्सर उनके बेटी को प्रताड़ित किया जाता था। दहेज पूर्ति न करने पर उसकी हत्या कर दी गई। इधर, पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम की कार्रवाई पूरी कर परिजनों को सौंप दिया गया है। थानाध्यक्ष राज किशोर ने बताया कि एक महिला द्वारा फांसी लगाकर आत्म हत्या का मामला सामने आया है, लेकिन उसके मायके वालों द्वारा दहेज हत्या का आरोप लगाया गया है जिसमें प्राप्त आवेदन के आधार पर घटना के प्रत्येक बिंदु पर छान-बीन की जा रही है।

# छत्रपति शिवाजी महाराज की मनाई गई 394वीं जयंती

**केटी न्यूज/औरंगाबाद**

गोह के पोखरा पर अवस्थित शिवा जी पार्क में छत्रपति वीर शिवाजी की 394वीं जयंती मधु सिंह की अध्यक्षता में मनाई गई। इस दौरान शिवाजी के प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित किया गया। कार्यक्रम में उपस्थित पीएनबी के प्रबंधक पुष्पेन्द्र कुमार को शिवाजी के प्रतीक चिह्न देकर सम्मानित किया गया।

साथ ही सभी आगुन्तक अतिथियों का स्वागत आयोजको ने फूलो का माला व अंगवस्त्र देकर किया। कार्यक्रम का संचालन करते हुए पैक्स अध्यक्ष दिलीप कुमार उर्फ लड्डू मुखिया ने वीर शिवाजी का जीवन पर प्रकाश डालते हुए बताया कि युवा शिवाजी ने अल्पआयु में ही अपने पुरूषार्थ से अखण्ड भारत के अभियान की शुरूआत कर दी थी। वीर शिवाजी के धार्मिक क्रियाओं पर प्रकाश डालते हुए बताया कि वीर शिवाजी अपनी तलवार को मां भवानी का रूप



मानते हुए युद्ध कला में प्रवीणता दिखाते थे। कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए सिकन्दर पटेल ने विस्तार से छत्रपति शिवाजी के युद्ध कौशल, प्रशासनिक कौशल का वर्णन करते हुए कहा कि छत्रपति शिवाजी जब अपने दुश्मन से अपने को कमजोर पाते तो युद्ध के मैदान से पीछे कदम लेकर पुनः शक्ति का संचय कर तीव्रगति से आक्रमण कारियों पर एकाएक हमला बोल कर जान की परवाह न कर युद्ध करते थे और विजय प्राप्त करते थे। मौके पर मधु सिंह, राजाराम सिंह, नागेंद्र प्रसाद, शिव प्रसाद, रंजीत सिंह, इंदल चंद्रवंशी, नागेश्वर सिंह, प्रदीप सिंह, रमेश सिंह, दिलीप कुमार विश्वकर्मा सहित कई लोग उपस्थित थे।

# अवैध खनन व ओवरलोडिंग के विरुद्ध ज़िला प्रशासन ने वसूला लाखों रुपए का जुर्माना

**केटी न्यूज/औरंगाबाद**

जिला अंतर्गत बालू, गिट्टी एवं राख के अवैध खनन एवं परिचालन एवं ओवरलोडिंग पर समुचित रोकथाम हेतु खनन, परिवहन विभाग एवं पुलिस पदाधिकारी के साथ संयुक्त गश्ती व धावा दल के माध्यम से निरंतर कार्रवाई की जा रही है। धावादल द्वारा दिनांक 1 फरवरी से 7 फरवरी के बीच बरुण डेहरी पोस्ट पर छापामारी के क्रम में कुल 6,05,600 रुपए की राशि, दाऊदनगर- नासरीगंज चेकपोस्ट पर छापामारी के क्रम में कुल 36,750 रुपये की राशि एवं नरारी कला चेकपोस्ट पर छापामारी के क्रम में कुल 6,38,100 रुपये की राशि दंड एवं शमन के रूप में आरोपित की गई। जिला पदाधिकारी श्रीकांत शास्त्री के नेतृत्व में बीआरबीसीएल एवं एनपीजीसील नबीनगर मे पकडी गई फ्लाई ऐश ओवरलोड वाहन पर कुल 15,20,750


सांकेतिक

रुपये की राशि दंड एवं शमन के रूप में आरोपित की गई। इस तरह फरवरी माह के पहले सप्ताह में छापामारी के क्रम में कुल 28,01,200 की राशि दंड एवं शमन के रूप में आरोपित की गई। फरवरी के दूसरे सप्ताह यानि कि 8 फरवरी से 17 फरवरी के बीच बरुण डेहरी पोस्ट पर छापामारी के क्रम में कुल 17,40,842 रुपए की राशि एवं दाऊदनगर- नासरीगंज चेकपोस्ट पर छापामारी के क्रम में कुल 2,57,000 रुपये की राशि दंड एवं शमन के रूप में आरोपित की गई।

# लोकसभा चुनाव को लेकर एएसपी ने किया थानाध्यक्षों के साथ बैठक



**केटी न्यूज/औरंगाबाद**

आगामी लोकसभा चुनाव को लेकर प्रशासनिक गतिविधियां तेज हो गई हैं जिसके मद्देनजर पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में पुलिस अधीक्षक कार्यालय में अपर पुलिस अधीक्षक (अभियान) मुकेश कुमार द्वारा अगामी लोकसभा आम चुनाव के मद्देनजर नक्सल प्रभावित क्षेत्र के सभी थानाध्यक्षों को एसओपी का अनुपालन कराने हेतु कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस कार्यशाला मे चुनाव शांतिपूर्ण संपन्न कराने से संबंधित सभी थानाध्यक्ष को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। अपर पुलिस अधीक्षक अभियान मुकेश कुमार ने इस कार्यशाला में अपराधियों पर निगरानी रखने, बॉर्डर क्षेत्र में होने वाली संदिग्ध गतिविधियों पर रोक लगाने, वाहनों की सघन चेकिंग करने का निर्देश दिया है। सूचनाओं के अदान-प्रदान, आपसी तालमेल व अपराधियों के धड़-पकड़ में सहयोग करने पर बल दिया गया। शराब, हथियार की तस्करी पर रोक लगाने के लिए आपस में सूचनाओं के अदान प्रदान को लेकर भी चर्चा की गई। साथ ही चुनाव के दौरान सांप्रदायिक सौहार्द बिगाड़ने का प्रयास करने वालों और पहले से आपराधिक घटनाओं में शामिल रहे अराजक तत्वों को चिन्हित करते हुए उनके खिलाफ भी कार्रवाई करने के निर्देश दिए गए। उन्होंने कहा कि लोकसभा चुनाव के दौरान संवेदनशील मुद्दों पर सोशल मीडिया के माध्यम से अफवाह फैलाने वालों पर सतर्क नजर रखने और ऐसी अफवाहों का तुरंत खंडन कर कार्रवाई करने के निर्देश दिए हैं।






## खबरें फटाफट

### बक्सर में मैट्रिक परीक्षार्थियों के बीच मारपीट, पुलिस को देख सभी भागे

**बक्सर।** औद्योगिक थाना क्षेत्र के अहिरौली स्थित एक परीक्षा केंद्र के बाहर मैट्रिक परीक्षा देने आए परीक्षार्थियों के दो गुट आपस में भिड़ गए। देखते ही देखते दोनों गुट के लड़कों में मारपीट होने लगी। इसी बीच किसी ने डायल-112 को फोन कर घटना की सूचना दे दी। इसके तुरंत बाद पुलिस दलबल के साथ वहां पहुंच गई। पुलिस को देख उपद्रवी भाग निकले। हालांकि औद्योगिक थाने की पुलिस का कहना है कि परीक्षार्थियों के इकट्ठा होने की सूचना मिली थी जिसके बाद मौके पर पहुंची को देखते ही वह भाग निकले। इसका एक वीडियो सामने आया है। इसके मुताबिक औद्योगिक थाना क्षेत्र के अहिरौली के समीप स्थित एक परीक्षा केंद्र पर दूसरी पाली के दौरान परीक्षार्थियों के दो गुट आपस में भिड़ गए थे। वीडियो में परीक्षा केंद्र के आसपास झुंड बनाकर परीक्षार्थी जाते दिखाई दे रहे हैं। मामले में थानाध्यक्ष अविनाश कुमार ने कहा कि मारपीट की बात प्रमाणित नहीं हो सकी है। आसपास के सीसीटीवी कैमरे को खंगाला जा रहा है। इस मामले में लिखित शिकायत नहीं मिली है।

### बगेन थाना का मामला, एफआईआर दर्ज होने के बाद हरकत में आयी पुलिस

# पुलिस ने 40 बोरी धान चोरी मामले का 24 घंटे में किया उद्भेदन, चार गिरफ्तार

- डीएसपी ने प्रेस वार्ता कर दी जानकारी
- पुलिस ने हथकड़ी लगा चारों आरोपियों को भेजा जेल, नियमतः हथकड़ी लगाना गलत

**केटी न्यूज/डुमरांव**

बगेन पुलिस ने चोरी के एक मामले का 24 घंटे के अंदर उद्भेदन कर दिया है। वारदात में शामिल चार चोरों को गिरफ्तार कर लिया गया है। साथ ही चोरी गए 40 बोरी धान को भी बरामद कर लिया है। इस आशय की जानकारी सोमवार को डुमरांव डीएसपी अफाक अख्तर अंसारी ने प्रेस वार्ता में दी। उन्होंने बताया कि शनिवार की रात बगेन थाना क्षेत्र के एकरासी गांव के सिकंदर चौधरी के गोदाम का ताला तोड़ चोरों ने 40 बोरी धान चुरा लिए थे। पीड़ित को सुबह में इस घटना की जानकारी हुई। घटना के संबंध में स्थानीय थाने में एफआईआर दर्ज करायी। पुलिस को गांव के कमल यादव के दरवाजे पर धान गिरा देख शक के आधार पर उसके घर की तलाशी ली तो उसके घर से कुछ बोरी धान बरामद हुआ। मिलान से यह स्पष्ट हो गया कि यह चोरी गया धान ही है। इसके बाद पुलिस ने कमल यादव को गिरफ्तार कर पूछताछ शुरू की तो उसने बताया कि उसे गांव के ही पिंटू यादव, मुरूल मुसहर तथा रविन्द्र मुसहर ने यह धान बेचा है, तब पुलिस टीम बारी बारी से तीनों को गिरफ्तार कर लिया। डीएसपी ने बताया कि 24 घंटे में सभी अभियुक्तों को गिरफ्तार कर जेल भेजा गया है।



### शराब तस्करी के दो मामले में तीन गिरफ्तार

**डुमरांव।** नया भोजपुर व कृष्णाब्रह्म पुलिस ने अपने-अपने थाना क्षेत्र से शराब की खेप के साथ तस्करों को पकड़ा है। डीएसपी ने बताया कि रविवार की देर शाम नया भोजपुर ओपी पुलिस ने डुमरांव थाने की टीम के साथ पुराना भोजपुर में शराब निर्माण की सूचना पर छापेमारी अभियान चलाया। इस दौरान पुलिस ने एक भट्ठी को ध्वस्त करने के साथ ही बड़े पैमाने पर अर्द्धनिर्मित शराब को जमीन पर गिरा विनष्ट किया। वही उससे थोड़ी दूर से भुवर चौधरी पिता सौदागर चौधरी को 30 लीटर देशी चुलाई तथा रॉयल स्टेज ब्रांड के 750 एमएल के 10 बोतल शराब के साथ रंगेहाथ पकड़ने में सफलता पाई। जबकि कृष्णाब्रह्म पुलिस को सूचना मिली थी कि बीबी गिरी हाल्ट के समीप ट्रेन से शराब की खेप लेकर धंधेबाज आने वाले है। इस सूचना पर पुलिस ने हॉल्ट के आस पास अपना जाल बिछाया। इस दौरान ट्रेन से उतरते ही दो युवक पुलिस टीम को देख भागने लगे। बैग की तलाशी लेने पर 750 एमएल के 12 बोतल रॉयल स्टेज और 180 एमएल के 98 फ्रुटी पैक शराब मिला। जिसके बाद पुलिस ने दोनों को गिरफ्तार कर लिया। उनकी पहचान छतनवार के वीर बहादूर सिंह व मनीष गोस्वामी के रूप में हुई है। डीएसपी ने बताया कि तीनों तस्करों के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर जेल भेज दिया गया है।

### गोलीबारी मामले में पिता पुत्र गिरफ्तार

रविवार की सुबह रघुनाथपुर में जमीन विवाद में हवाई फायरिंग करने वाले पिता पुत्र को पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। गिरफ्तार चंद्रशेखर पाठक व उनके पुत्र हरि पाठक पर विजय उपाध्याय ने जान मारने की नीयत से हवाई फायरिंग करने का आरोप लगाते हुए ब्रह्मपुर थाने में एफआईआर दर्ज कराया था। डीएसपी ने बताया कि मामला जमीन विवाद से जुड़ा है, दोनों को जेल भेज दिया गया है। बता दें कि विजय उपाध्याय व चंद्रशेखर पाठक के बीच रघुनाथपुर में एक कट्ठा के भूखंड पर विवाद चल रहा था। रविवार को विजय उक्त जमीन पर निर्माण करा रहे थे, इसी दौरान आरोपित पक्ष ने आकर तीन राउंड फायरिंग किया। जिससे इलाके में हड़कंप मच गया। जानकारी के अनुसार फायरिंग में लाइसेंसी बंदूक का इस्तेमाल किया गया था। जिसके बाद वहा भगदड़ गई। वहीं पुलिस ने मामले की जानकारी होने के तुरंत बाद दो लोगों को हिरासत में ले लिया था।

## एक नजर

### कलेक्ट्रेट रोड में नाले में फंसा बालू लदा ट्रक



**बक्सर।** बक्सर में ट्रक चालकों की मनमानी से ट्रैफिक व्यवस्था ध्वस्त हो रही है। रविवार की रात शहर के वीआईपी इलाके में शामिल कलेक्ट्रेट रोड़ में बालू लदा एक बगैर नंबर प्लेट ट्रक नाले में गिरकर फंस गया। जिससे सुबह होते ही जब वाहनों का आवागमन आरंभ हो गया। जिससे जाम लगना शुरू हो गया। इस रोड़ से शहर के सभी स्कूल वाहन गुजरते है। स्कूली वाहनों के लगातार आवागमन से जाम की स्थिति पैदा हो गई थी। स्कूल बस चालक जाम को हटाने को लेकर काफी प्रयास कर रहे थे। परंतु उन्हें कोई राहत नहीं मिल पा रही थी। वहीं सुबह दस बजते ही जज, जिला प्रशासन के अधिकारी व वकीलों के वाहन आने लगे। जिससे और भी स्थिति और भी भयंकर हो गई। विदित हो कि पिछले कुछ महीनों से जब टोल प्लाजा आरंभ हुआ है इस सड़क पर रात को बालू लदे वाहनों का आना जाना जारी हो जाता है जिससे सड़क कई जगह पूरी तरह ध्वस्त हो गया है। इसकी खबर बार बार मीडिया में आते रहता है बावजूद जिला व पुलिस प्रसाशन सख्ती नहीं बरत रहा है। जिसकी वजह से रविवार को एक जगह मरम्मत के लिए सड़क को काटा गया था। जिस वजह से एक तरफ आना जाना हो रहा था। इसी कड़ी में रविवार को वाहन फंस गया और नाला को भी पूरी तरह ध्वस्त कर दिया है। जिससे लोगो को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। वही सोमवार की सुबह से ही वार्ड 20 व 21 के प्रतिनिधि सिड्ढ मिया और मिथिलेश कुमार ने क्रेन मंगाया। क्रेन के माध्यम से ट्रक को बाहर निकाला गया। इसके बाद आवागमन सुचारू रूप से सही हो सका।

# डुमरांव के विकास पर खर्च होंगे 75 करोड़ 47 लाख रुपए

- नगर परिषद की बैठक में सर्व सम्मति से पारित हुआ बजट
- नली, गली, जल जीवन हरियाली व शहरी आवास योजना पर फोकस
- बजट बैठक के बाद आयोजित आम सभा में लोगों ने गिनाई समस्याएं

**केटी न्यूज/डुमरांव**



सोमवार को डुमरांव नगर परिषद का बजट बैठक संपन्न हुआ। इसकी अध्यक्षता मुख्य पार्षद सुनीता गुप्ता व संचालन कार्यपालक पदाधिकारी अनिरूद्ध प्रसाद ने किया। बैठक में सर्व सम्मति से वित्तीय वर्ष 2024-25 के लिए 75 करोड़ 47 लाख 57 हजार 500 रूपए का बजट स्वीकृत किया गया। जिसमें मुख्य रूप से डुमरांव को जलजमाव से मुक्ति दिलाने के लिए भूमिगत नाली निर्माण, नली गली, शहरी आवास योजना तथा जल जीवन हरियाली आदि को शामिल किया गया है। बैठक के दौरान सदस्यों ने भी अपने सुझाव रखे। इस दौरान मुख्य पार्षद ने कहा कि नगर परिषद क्षेत्र को विकसित व सुंदर बनाना उनका लक्ष्य है। उन्होंने कहा कि बजट में नगर परिषद क्षेत्र के सर्वांगीण विकास का लक्ष्य रखा गया है। उन्होंने पार्षदों से सहयोग की अपील की। हालांकि उम्मीद के विपरीत यह बैठक शांतिपूर्ण माहौल में सपन्न हुई। बैठक में वार्ड पार्षद सुभद्रा देवी ने सदस्यों को बजट के प्रारूप की हस्ताक्षरयुक्त कॉपी नहीं देने का आरोप लगाया। वही उन्होंने पिछले दो वित्तीय वर्ष में खर्च की गई राशि को धरातल पर दिखाई नहीं देने की बात भी कही। बैठक में मुख्य पार्षद व कार्यपालक पदाधिकारी के अलावे उप मुख्य पार्षद विकास ठाकुर, पार्षद अनु देवी, उषा देवी, आनंद कुमार, कन्हैया राम, धनंजय पांडेय, कंचन सिन्हा, लक्ष्मण चौधरी समेत कई अन्य मौजूद थे।

**बजट बैठक के बाद आयोजित हुआ आम सभा:** बजट बैठक के बाद नगर परिषद प्रशासन द्वारा आम सभा हुई। जिसमें बड़ी संख्या में लोग शामिल हुए। इस आम सभा में सबसे अधिक नल जल योजना को लेकर लोगों ने शिकायत की। वहीं बढ़े होल्डिंग टैक्स समेत कई अन्य समस्याओं को आम जनता ने नगर परिषद प्रशासन के सामने रखा। जिस पर कार्यपालक पदाधिकारी व मुख्य पार्षद ने तत्काल समाधान के आश्वासन दिए। इस दौरान सामाजिक मंच के प्रदीप शरण, अमित कुमार, मुख्य पार्षद प्रतिनिधि सुमित गुप्ता, उप मुख्य पार्षद विकास ठाकुर, दीनानाथ कुशवाहा समेत कई अन्य मौजूद थे।

### घर से गायब किशोरी अपहरणकर्ता के साथ बक्सर स्टेशन से बरामद

बक्सर। औद्योगिक थाना क्षेत्र के एक गांव से एक किशोरी के अपहरण मामले का पुलिस ने उद्वेदन करते हुए किशोरी तथा एक युवक को बक्सर रेलवे स्टेशन से बरामद कर लिया है। दोनों ट्रेन पकड़ कर कहीं भागने की फिराक में थे तभी पुलिस के हत्थे चढ़ गए।

घटना के संदर्भ में मिली जानकारी के मुताबिक औद्योगिक थाना क्षेत्र के एक गांव की निवासी एक किशोरी इस गांव के एक युवक के साथ गायब हो गई थी। बाद में किशोरी के परिजनों ने युवक पर अपहरण किए जाने का आरोप लगाते हुए प्राथमिकी दर्ज कराई थी जिसके बाद पुलिस दोनों की तलाश में लगी हुई थी। इसी बीच गुप्त सूचना मिली कि एक किशोरी और एक युवक बक्सर रेलवे प्लेटफार्म पर देखे गए हैं, जिसके बाद तुरंत कार्रवाई करते हुए दोनों को बरामद कर लिया गया।

# कचरे की सड़ांध भरी बदबू से आमजन परेशान सड़े हुए फल खुले में फेंक रहे फल दुकानदार

**केटी न्यूज/डुमरांव**

डुमरांव नगर परिषद की ओर से हर दिन घर-घर घूमकर कचरा उठाव की व्यवस्था लागू है। इसके बाद भी लोग खुले में गंदगी फैलाने से बाज नहीं आ रहे। हर दिन सुबह में शहर के विभिन्न स्थानों से कचरा का उठाव होने के कुछ देर बाद ही लोग फिर से खुले में कचरा फेंक गंदगी फैला रहे हैं।

सबसे बुरा हाल मेन रोड के सफाखाना रोड मोड़ का है। यहां आमजन से ज्यादा गंदगी फलों की बिक्री करनेवाले और चाट-चौमिन बेचने वाले कर रहे हैं। इनके इस मनमानी रवैये से आसपास के दुकानदार और लोग परेशान हैं। लाख मना करने के बाद भी वे कचरा खुले में फेंक गंदगी फैला रहे हैं। इस कारण बस स्टैंड के पास लोगों का दो मिनट खड़ा होना भी मुश्किल हो जा रहा है। नगर परिषद प्रशासन डुमरांव नगर को साफ और स्वच्छ बनाने के लिए प्रयासरत है लेकिन लोग हैं कि वे सुधरने का नाम नहीं ले रहे हैं। इस संबंध में कार्यपालक पदाधिकारी अनिरुद्ध प्रसाद ने फल विक्रेता और अन्य दुकानदारों को चेतावनी दी है कि वे कचरा उठाव के बाद खुले में कूड़ा न फेंकें। ऐसा नहीं करने पर जुर्माना भरना पड़ेगा।

### कचरा उठाव के बाद कूड़ा फेंकने पर लगेगा जुर्माना



# क्षमता संवर्द्धन कार्यक्रम में किसानों की आमदनी बढ़ाने पर हुई बात

**केटी न्यूज/केसठ**

आत्मा बक्सर के माध्यम से गठित बाबा कृषक हितार्थ समूह के तत्वाधान में बैजनाथपुर गांव में सोमवार को एक दिवसीय क्षमता अभिवर्द्धन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम की अध्यक्षता कृष्ण कुमार दुबे ने की। इस दौरान किसानों के हितार्थ समूह एवं खाद्य सुरक्षा समूह पर विस्तार से चर्चा की गई। बीटीएम प्रफुल्ल कुमार ने बताया कि किया समूह को बागवानी के लिए चयनित किया गया है। जिसके तहत केला, पपीता, ओल, अमरूद समेत अन्य फलदार वृक्षों की बागवानी लगाई जाएगी। जिसके तहत किसानों के आर्थिक आमदनी बढ़ेगी। उन्होंने कहा कि समूह में शामिल सदस्य ही प्रशिक्षण में शामिल होंगे। वहीं उन्होंने कृषि विभाग एवं सरकार के माध्यम से किसानों को मिलने वाली विभिन्न प्रकार की सुविधाओं एवं लाभों के बारे में विस्तार से जानकारियां दी। इस मौके पर कन्हैया तिवारी, धीरज पाठक, विश्वनाथ पांडेय ,पप्पू तिवारी,छोटे तिवारी समेत अन्य लोग मौजूद थे।

# रेंका में दो झोपड़ियां जलीं, पांच पर एफआईआर

**केटी न्यूज/नावानगर**

सिकरौल थाना के रेंका गांव में जमीन विवाद को लेकर अगलगी की घटना प्रकाश में आया है। जिससे दो झोपड़ियां के साथ उसमें बंधी दो बकरियां व कुछ मुर्गे आग की लपट में झुलस गई है। इस संबंध में पीड़ित नागा भर ने सिकरौल थाना में पांच लोगों लालबाबू उपाध्याय, उपेंद्र उपाध्याय, भोला उपाध्याय, उत्तम उपाध्याय, प्रीतम उपाध्याय को नामजद कर एफआईआर दर्ज कराया है। पीड़ित ने अपने आवेदन में दिया है कि सभी अभियुक्त बीते रात लाठी-डंडे से लैस होकर झोपड़ी के पास आकर आग लगा दिए। विरोध करने पर मेरे साथ गाली-गलौज भी किया। झोपड़ी में आग लगने से मेरी बकरी एवं मुर्गी झुलस गई हैं। पड़ोसियों की मदद से काफी प्रयास के बाद आग पर काबू पाया गया, तबतक मेरी झोपड़ी जलकर राख हो गई। झोपड़ी में लगी आग की लपटों से पड़ोसी भारत यादव की झोपड़ी भी जल गई है। घटना की सूचना मिलते ही थानाध्यक्ष बिरेंद्र कुमार मौके पर पहुंच कर जांच पड़ताल की। थानाध्यक्ष ने बताया की एफआईआर दर्ज कर ली गई है, मामले की जांच की जा रही है। इधर ग्रामीणों से मिली जानकारी के अनुसार रेंका डेरा पर जाने के लिए पूर्व से कच्चा रास्ता था। उस रास्ते पर पंचायत की मुखिया द्वारा हाल ही में मिट्टी भराई करा दी गई है। जिसको लेकर गांव के लालबाबू उपाध्याय ने हाई कोर्ट पटना में अपनी रैयती जमीन में सड़क बनाने का आरोप लगाते हुए केस दर्ज कराया। कोर्ट ने रास्ते से मिट्टी हटाने का आदेश दिया था। जिसके बाद अंचल प्रशासन स्थानीय पुलिस के सहयोग से रास्ते पर डाले गए मिट्टी को हटाने पहुंचा था। लेकिन मोहल्ले वालों के भारी विरोध के कारण प्रशासनिक टीम बैरंग लौट गई थी। वही रात में अगलगी की घटना हो गई। सूत्रों की मानें तो इसे उक्त विवाद से ही जोड़कर देखा जा रहा है।




### भारत रत्न उस्ताद बिस्मिल्ला खां की जयंति पर मनाया जा रहा है डुमरांव महोत्सव

# राज हाई स्कूल के मैदान में डुमरांव महोत्सव का आयोजन कल

**केटी न्यूज/डुमरांव**

भारत रत्न उस्ताद बिस्मिल्लाह खां की जयंति 21 फरवरी को इस बार जिला प्रशासन खास बनाने जा रहा है। उनके जयंति को जिला प्रशासन ने डुमरांव महोत्सव के रूप में मनाने का निर्णय लिया है। इसकी तैयारी भी शुरू हो गई है। राज हाई स्कूल के खेल मैदान में बुधवार की शाम डुमरांव महोत्सव में विश्व विख्यात शहनाई वादक उस्ताद बिस्मिल्लाह खां के परिजनों के अलावे देश के नामी गिरामी कलाकार व संगीत घराने शामिल होंगे। सारा आयोजन जिला प्रशासन की तरफ से करवाया जा रहा है। आयोजन को सफल बनाने के लिए चार दिन पहले से ही राज हाई स्कूल के खेल मैदान में मंच निर्माण शुरू हो गया है। इस मैदान को दुल्हन की तरह सजाया जा रहा है। डुमरांव एसडीएम कुमार पंकज ने इसकी पुष्टि करते हुए बताया कि उस्ताद के जन्मदिन को काफी खास तरीके से मनाया जाएगा तथा बुधवार की शाम से देर रात तक राज हाई स्कूल के खेल मैदान में सुरों की सरिता बहेगी। उन्होंने बताया कि शाम 4 बजे से रात साढ़े नौ तक महोत्सव के तहत गीत-संगीत का दौर चलेगा।



**स्थानीय कलाकारों की प्रस्तुति से होगी शुरूआत:** एसडीएम ने बताया कि संध्या 4 से 6 बजे तक स्थानीय कलाकार अपनी प्रस्तुति देंगे, जबकि 6 से साढ़े छह बजे तक महोत्सव का औपचारिक उद्घाटन एवं भाषण का होगा। वही शाम साढ़े छह बजे से 9.30 बजे तक मुख्य समारोह होगा। एसडीएम ने कहा कि इस तरह के आयोजन से स्थानीय कलाकारों को अपने फन का जौहर दिखाने के लिए एक बेहतरीन मंच मिलेगा। जो उनके भविष्य के लिए वरदान साबित होगा।

**कलाकारों का लगेगा जमघट:** कार्यक्रम में शिरकत करने वाले कलाकारों में मुख्य रूप से मगध संगीत डांस ग्रुप, नबेंदु भट्टाचार्य गजल, बिस्मिलाह खां के परिवार के सदस्यों का प्रदर्शन, बच्चा नसीम कौसर की कव्वाली एवं अल्ताफ राजा अपनी प्रस्तुति देंगे। बता दें कि वर्ष 2022 में भी डुमरांव के राज हाई स्कूल खेल मैदान में बिस्मिल्लाह खां महोत्सव मनाया गया था, जहां पहली बार आयोजित कार्यक्रम में देर रात तक संगीत प्रेमियों व श्रोताओं की भीड़ उमड़ी रही थी। गौरतलब है कि इसके पहले 14 फरवरी को ब्रह्मपुर में भी ब्रह्मपुर महोत्सव का आयोजन किया गया था।

### डुमरांव में हुआ था उस्ताद का जन्म

बता दें कि उस्ताद बिस्मिल्लाह खां का जन्म डुमरांव में 21 मार्च 1916 को हुआ था। वे आगे चलकर देश के मशहूर शहनाई वादक बने तथा देश-विदेश में अपनी फनकारी का लोहा मनवाए। वर्ष 2001 में उन्हें देश के सर्वोच्च सम्मान भारत रत्न से सम्मानित किया गया। वे तीसरे भारतीय संगीतकार थे, जिन्हें इस सम्मान से सम्मानित किया गया है। उन्होंने अपने समय में भारत रत्न संगीत नाटक अकादमी फेलोशिप, पद्म विभूषण पद्म भूषण, आदि कई सम्मान अपने नाम किए हैं। 21 अगस्त 2006 को वाराणसी में उन्होंने अंतिम सांस ली थी।



# उद्यमी अपना निवेश सूबे के किसी भी क्षेत्र में करें, मिलेगी सहायता : डीएम

- कार्यक्रम के दौरान जनप्रतिनिधियों सहित बड़ी संख्या में उद्यमी भी रहे उपस्थित
- ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी 4.0 कार्यक्रम का सजीव प्रसारण हुआ जनपद मुख्यालयों में

केटी न्यूज/मऊ

उत्तर प्रदेश ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट 2023 के अवसर पर 19 फरवरी 2024 को लखनऊ में आयोजित ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी 4.0 कार्यक्रम का सजीव प्रसारण जनपद मुख्यालय स्थित कम्युनिटी हॉल सहित विधानसभा क्षेत्र घोसी एवं मोहम्मदाबाद गोहना के तहसील सभागार एवं मधुबन विधानसभा क्षेत्र के फतेहपुर मंडाव विकासखंड स्थित सभागार में किया गया। इस दौरान समस्त प्रसारण स्थलों पर जनप्रतिनिधियों सहित बड़ी संख्या में उद्यमी भी उपस्थित रहे। उत्तर प्रदेश ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट 2023 के अवसर पर राज्य सरकार एवं निवेशकों के मध्य हुए समझौता ज्ञापनों में लगभग 36 लाख करोड रुपए में से 10 लाख करोड़ रुपए के निवेश से संबंधित परियोजनाओं का शुभारंभ आज इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान लखनऊ परिसर में पीएम नरेंद्र मोदी ने



ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट के दौरान जनपद में कुल 131 लोगों से समझौता ज्ञापनों के माध्यम से लगभग 27000 करोड रुपए के निवेश के प्रस्ताव आए थे। इसी क्रम मे जनपद में रेडी फॉर जीबीसी हेतु 52 लोगों के माध्यम से 1050 करोड रुपए की परियोजनाओं का आज शुभारंभ किया गया,जिसके माध्यम से लगभग 6000 लोगों को रोजगार मिलने की संभावना है।

## जनपद में निवेश के लिए अनुकूल माहौल, बिना संकोच के निवेश करें उद्यमी: डीएम

**बलिया।** जनपद स्तरीय ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी 4.0 कार्यक्रम का आयोजन कलेक्ट्रेट स्थित गंगा बहुउद्देशीय सभागार में किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलित कर जिलाधिकारी रविंद्र कुमार और मुख्य विकास अधिकारी ओजस्वी राज सहित जनप्रतिनिधियों एवं उद्यमियों द्वारा संयुक्त रूप से किया गया। इस कार्यक्रम में जनपद के 36 निवेशकों द्वारा प्रतिभाग किया गया। जनपद में 42 निवेशकों का कुल निवेश 1632.73 करोड़ रुपए का है जिससे 1948 लोगों को रोजगार का अवसर प्राप्त हो सकेगा। इस कार्यक्रम को संबोधित करते हुए जिलाधिकारी ने कहा कि आज हम सभी लोगों के लिए बड़ा दिन है, पिछले वर्ष के ग्लोबल इन्वेस्टर्स सबमिट 2023 में 95 एमओयू हुए थे, उसके बाद से निवेशकों के विभिन्न समस्याओं का निराकरण विभिन्न बैठकों जैसे व्यापार एवं उद्योग बंधु की बैठक, जमीन से संबंधित मामलों के संबंध में किसानों से वार्ता के माध्यम से कराया गया है, उसके फलस्वरुप यह जीबीसी सम्पन्न हुई है। कहा कि निवेशकों में सबसे बड़ा निवेश एमपी एनर्जी इंडिया का है जो 476 करोड़ रुपए का है।

## एक नजर

### रेड क्रॉस ने टीबी के 40 रोगियों को लिया गोद



**मऊ।** राष्ट्रीय क्षय उन्मूलन कार्यक्रम को बढ़ावा देने के लिए स्वास्थ्य विभाग द्वारा टीबी हारेगा देश जीतेगा थीम के साथ प्रधानमंत्री टीबी मुक्त भारत अभियान अन्तर्गत टीबी उन्मूलन के लिए जन भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए राजकीय टीबी क्लिनिक में सोमवार को जिलाधिकारी प्रवीण मिश्रा के निर्देश पर सीएमओ नंद कुमार की अध्यक्षता में जिला क्षयरोग अधिकारी के नेतृत्व में रेड क्रॉस सोसाइटी के तत्वाधान में 40 क्षय रोगियों को गोद लेने के कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें इन टीबी के रोगियों को गोद लेकर उनके छह माह तक देखभाल, जागरूकता और उनके पौष्टिक आहार की जिम्मेदारी ली गई।

### मांगों को लेकर सफाई कर्मियों ने किया प्रदर्शन

**चंदौली।** उत्तर प्रदेश पंचायती राज ग्रामीण सफाई कर्मचारी संघ के आवाहन पर सोमवार को पांच सूत्रीय मांगों को लेकर सफाई कर्मचारियों ने मुख्यालय पर विरोध प्रदर्शन किया। इस दौरान सरकार के विरोध में जमकर नारेबाजी की और मांगों से संबंधित ज्ञापन प्रशासनिक अधिकारी को सौंपा। इस दौरान कर्मचारी नेता राम नगीना सिंह ने कहा कि कर्मचारियों के हितों की मांगों को सरकार को पूरा करना चाहिए, ताकि कर्मचारियों का हित हो सके।कर्मचारियों के साथ सरकार की ओर से हमेशा सौतेला व्यवहार किया जाता है। इस दौरान वक्ताओं ने कहा कि सफाई कर्मचारियों को आना नहीं उपस्थित मुक्त करने के साथ-साथ प्रदेश सरकार साक्षर पर भर्ती करें सफाई कर्मियों को ब्लू का कार्य लिया जाता है, इससे मुक्त किया जाए। प्रदेश सरकार और केंद्र सरकार के साथ शासन व प्रशासन के कार्यों को सफाई कर्मचारियों के समूह के रूप में कई दिनों तक लगाया जाता है, जो कि नियुक्ति गांव से अलग होते हैं। इस पर सरकार तत्काल रोक लगाए। वहीं मृतक आश्रित को नौकरी दिया जाए और पुरानी पेंशन भी बहाल किया जाए,ताकि सफाई कर्मचारी को सेवानिवृत होने के बाद राहत मिल सके। इस दौरान अमित राय, संजय कुमार, उमाशंकर, महेंद्र विश्वकर्मा, नवल किशोर, नागेंद्र,उमेश चंद्र यादव, योगेश कुमार गौतम उपस्थित है।

### 3 गैंग के 15 सदस्य व सात मुन्ना भाई गिरफ्तार

**बलिया।** पुलिस अधीक्षक देव रंजन वर्मा के निर्देशन में जनपद में 17 व 18 को सम्पन्न पुलिस आरक्षी भर्ती परीक्षा को नकल विहीन व शुचिता बनाए रखने के लिए जनपद के सर्विलांस, एसओजी, साइबर सेल, अभिसूचना इकाई व सोशल मीडिया सेल द्वारा सतर्कता रखी जा रही थी। जिसका नतीजा रहा कि जनपदीय पुलिस व यूपी एसटीएफ की संयुक्त टीम ने गैंग और मुन्ना भाई के कुल 22 अभियुक्तों को गिरफ्तार कर सम्बंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर चालान कर दिया। जिसमें नकल कराने वाले तीन गैंग के 15 सदस्य तथा दूसरे के स्थान पर फर्जी अभ्यर्थी बनकर परीक्षा देने वाले सात अभियुक्त शामिल है। बता दे कि उप्र पुलिस आरक्षी भर्ती परीक्षा के दौरान थाना कोतवाली में पंजीकृत पांच मुकदमों में 14 अभियुक्तों को गिरफ्तार किया गया है। इसी प्रकार थाना उभांव में पंजीकृत एक मुकदमे में यूपी एसटीएफ के सहयोग से उभाव पुलिस ने तीन अभियुक्त को गिरफ्तार किया। इसी क्रम में थाना रसड़ा में पंजीकृत एक मुकदमें में एक अभियुक्त को गिरफ्तार किया गया। वहीं थाना बांसडीहरोड में पंजीकृत एक मुकदमें में एक अभियुक्त को गिरफ्तार किया गया। इसके अलावा थाना बांसडीह में पंजीकृत एक मुकदमें में एक अभियुक्त गिरफ्तार किया गया। थाना सुखपुरा और थाना नरही में पंजीकृत एक-एक मुकदमों में एक-एक अभियुक्त को गिरफ्तार किया गया है। इस प्रकार तीन गैंग के 15 सदस्य तथा सात मुन्ना भाई सहित कुल 22 अभियुक्तों को गिरफ्तार किया गया है।

### सजा के खिलाफ भाकपा माले ने किया प्रदर्शन

**बलिया।** देवरिया जनपद में 1995 में हुई हिंसक घटना में भाकपा माले के प्रदेश नेता रामकिशोर वर्मा सहित 40 लोगों को कैद करने की सजा के खिलाफ भाकपा माले के नेताओं ने सोमवार की दोपहर कलेक्ट्रेट पहुंचकर राष्ट्रपति को संबोधित ज्ञापन जिलाधिकारी रविंद्र कुमार को सौंपा। ज्ञापन में अदालत द्वारा सजा पाए भाकपा माले के नेताओं सहित 40 गरीबों को बरी करने के लिए अपने स्तर से कदम उठाने की मांग की गई। वहीं पार्टी नेता श्रीराम चौधरी ने कहा कि भाजपा सरकार ने शोषण से मुक्ति, अन्याय के खिलाफ गरीबों की आवाज उठाने वाले जनपक्षधर नेताओं को कैद कर लोकतंत्र पर कुठाराघात कर रहा है। यह लोकतंत्र और बराबरी के समाज निर्माण की लड़ाई के प्रति अन्याय है। साथ ही जेल व दमन के बल पर विपक्ष को चुप कराने का प्रयास है। ज्ञापन देने वालों में प्रमुख रूप से लक्ष्मण यादव रमेश बिन्द, डीपी सोनी, रमानन्द गोंड, राजेश गोंड, मोहम्मद खैरूल बसर, अमरजीत, विक्की यादव, धर्मेन्द्र कुमार आदि लोग शामिल रहे।

### स्वच्छता अभियान की मिली कमी, सुधार का निर्देश


**गाजीपुर।** जखनियां तहसील का सोमवार को अपराह्न तीन बजे वाराणसी अपर आयुक्त मनोज कुमार सिंह के पहुंचने से लोगों में हड़कंप मच गया। इस दौरान उपजिलाधिकारी कमलेश सिंह, तहसीलदार ध्रुवेश कुमार सिंह, नायब तहसीलदार विवेकानंद सिंह, पंकज सहित अन्य कर्मचारियों में हड़कंप मच गया। अपर आयुक्त मनोज कुमार सिंह ने एक घंटे तक तहसील सभागार, एसडीएम और तहसीलदार न्यायालय, निर्वाचन कार्यालय, संग्रह और भूलेख कार्यालय सहित पेयजल, शौचालय, परिसर, भवनों का औचक निरीक्षण किया गया। अपर आयुक्त मनोज कुमार सिंह ने साफ -सफाई और पेयजल की प्रयाप्त व्यवस्था न होने से जल्द सुधार करने के निर्देश दिए। अपर आयुक्तने कहा कि जखनियां तहसील ग्रामीण क्षेत्र के तहसील पर निर्वाचक कार्य काफी बेहतर तरीके से किया जा रहा है।

## खबरें फटाफट

### बोर्ड परीक्षा में नकल माफिया, दलाल और फ्रॉड से रहें सावधान

**बलिया।** 22 फरवरी से प्रारंभ होने वाली 10वीं और 12वीं की यूपी बोर्ड परीक्षाओं में सम्मिलित होने वाले सभी विद्यार्थी नकल माफिया, दलाल और फ्रॉड टाइप के लोगों से सावधान रहे। यह जानकारी देते हुए पुलिस अधीक्षक देव रंजन वर्मा ने कहा कि ऐसे लोग आपको यह झांसा दे सकते हैं कि इतने रुपए दे दो। तुम्हें परीक्षा में पास करवा देंगे। इसके अलावा पेपर आउट कराने का जुगाड़ हमारे पास है। इतने रुपए दे दो और तुम्हें पेपर परीक्षा से पहले मिल जाएगा। ऐसे नकल माफिया, दलाल और फ्रॉड टाइप के लोगों के झाँसे में न आएं। ये आपको धोखा देंगे और फिर आप थाने में मुकदमा दर्ज करवाने आयेंगे। ऐसे नकल माफियाओं, दलालों और फ्रॉड टाइप के लोगों के बारे में तुरंत पुलिस को सूचना दें। सूचना देने वाले का नाम गोपनीय रखा जाएगा और सूचना सही होने पर सूचना देने वाले को पांच हजार रुपए का इनाम दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि यह प्रयास किया जा रहा है कि दलालों पर कड़ी नजर रखी जाए। दलाल जिस नई तकनीक का प्रयोग करने का प्रयास कर रहे है। उसे समय रहते रोक दिया जाए। ताकि कदाचार मुक्त परीक्षा हो सके। इसमें आमजनता का सहयोग अपेक्षित है। तभी यह संभव हो पाएगा। उन्होंने कहा कि किसी भी अजनबी को अपना घर किराये पर नहीं दें। साथ ही छात्र-छात्राओं की भीड़ किसी घर-होटल या लॉज के पास दिखाई देती है। तो उसकी सूचना तत्काल जिला प्रशासन व पुलिस को दें।

### 70 पीड़ित परिवारों को एक करोड़ की धनराशि उपलब्ध कराई गई



**गाजीपुर।** एमएलसी विशाल सिंह चंचल के निजी सचिव अमित नागवंशी ने पत्रकारों को बताया कि 70 पीड़ित परिवारों को कुल एक करोड़ की धनराशि मुख्यमंत्री विवेकाधीन कोष से आर्थिक सहायता के रूप में प्राप्त हुई है। एमएलसी ने जनपद के अशक्त बीमार लोगों की सूची शासन को उपलब्ध कराई थी। इसके बाद रचंचलर ने सूची को मुख्य सचिव गृह के सामने प्रस्तुत किया था। इस पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने स्वीकृति प्रदान की और पीड़ितों को सुविधा मुहैया कराया। इन पीड़ितों के छोटे-छोटे बच्चे भी हैं। जिसमें दो माह का चंचल कुशवाहा, चार साल का कार्तिक, चार साल की आर्या, खुशबू गुप्ता सहित दो अन्य जनपदों के भी पीड़ित शामिल हैं। इसमें से एक पीड़ित प्रयागराज (इलाहाबाद) और दूसरा पीड़ित बलिया का था। अमित ने बताया कि एमएलसी की यह इच्छा थी कि सभी लोगों को एक ही साथ निजी सचिव के जन्मदिन पर आर्थिक सहायता पहुंचाई जाए। मुख्यमंत्री विवेकाधीन कोष से आर्थिक सहायता मिलते ही सभी पीड़ित परिवारों ने एमएलसी विशाल सिंह चंचल को धन्यवाद एवं अमित नागवंशी को

## मधुबन थाना क्षेत्र के करौदी नारायनपुर गांव के समीप हुई दर्दनाक घटना

# पिकअप ने दो मासूमों को रौंदा एक की मौत, दूसरा जख्मी

- बच्चा कुरकुरे खरीदने के लिए निकला था घर से बाहर
- चालक पिकअप लेकर भागने में रहा सफल, जांच में जुटी पुलिस

केटी न्यूज/मऊ

मधुबन थाना क्षेत्र के करौदी नारायनपुर में उस समय कोहराम मच गया। जब एक अनियंत्रित पिकअप दो मासूमों को रौंदते हुए निकल गया। जिसमें एक बच्ची की मौके पर दर्दनाक मौत हो गई। वहीं एक बालक गंभीर रूप से घायल हो गया। दुर्घटना से परिजनों मे जहां कोहराम मच गया। इस घटना के बाद पूरे गांव में सन्नाटा पसर गया। जानकारी के अनुसार करौदी नारायनपुर निवासी मनोज राजभर की एकलौती 8 वर्षीय पुत्री उत्तरा घर से कुरकुरे लेने के लिए दरगाह-अमिला मुख्य मार्ग स्थित अपने चट्टी के एक दुकान पर गई। कुरकुरे लेकर जब वापस घर आने के लिए सड़क पार कर रही थी कि दरगाह की ओर से तेज रफ्तार से अनियंत्रित पिकअप कुचलते हुए एक दूसरे बालक आर्यन (5) पुत्र उमेश राजभर को भी ठोकर मार कर मौके से फरार हो गया। दुर्घटना देख आसपास के लोग बचाव कार्य के लिए मौके पर दौड़ पड़े। जब तक कुछ कर पातें की उत्तरा के प्राण पखेरू उड़ चुके थे। तो वहीं जख्मी घायल आर्यन का इलाज के लिए एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया।




### खाकी का खौफ दिखा धन उगाही करने वाले चार सिपाही निलंबित

**गाजीपुर।** यूपी-बिहार बार्डर सहित जनपद के विभिन्न मार्गों से होकर गुजरने वाले वाहनों से वसूली का एक और मामला प्रकाश में आया है। पुलिस वाहन चालकों के साथ मार-पीट और खाकी का खौफ दिखा अभद्रता कर धनउगाही कर रही है। इसका वीडियो सामने आते ही चार पुलिस कर्मियों को निलंबित कर दिया है। पुलिस कप्तान की इस कार्रवाई से महकमें में हड़कंप की स्थिति बनी हुई है। सस्पेंड किए गए पुलिस कर्मियों पर आरोप है कि वीरेंद्र कुमार शर्मा निवासी झुजैला जिला बिजनौर द्वारा बीते 17 फरवरी को एक वॉट्सएप वीडियो प्राप्त हुआ। जिसमें चालक द्वारा बताया जा रहा है कि वह अपनी गाड़ी (ट्राला) वाराणसी से लेकर छपरा जा रहा था। इस दौरान सुहवल थाने की सीमा में उसके साथ कुछ पुलिस कर्मियों ने मारपीट शुरू कर दी। उसके साथ अभद्रता की गई। इस पूरी घटना का वीडियो चालक के पास उपलब्ध था। जिसे पुलिस कप्तान को भेजा गया। उक्त वीडियो की एसपी ने जांच कराई। तीन पुलिस कर्मी सुहवल थाने के मिले। जिनके नाम शंभू प्रजापति, अजीत यादव व नवीन पांडेय शामिल हैं। जबकि एक पुलिस कर्मी योगेंद्र यदुवंशी कोतवाली में तैनात है। वीडियो में ड्राइवर द्वारा बताया गया कि ब्रिज के दोनों तरफ सुहवल और कोतवाली थाना क्षेत्र में उससे पैसे मांगे गए और मारा-पीटा गया। एसपी ओमवीर सिंह ने उक्त घटना की जांच कराई तो घटना को अंजाम देने वाले पुलिस कर्मी चिन्हित हुए। घटना की गंभीरता को देखते हुए पुलिस कर्मियों को निलंबित किया गया है।

### पीएम से प्रेरित होकर दुल्हन के पिता ने की अनोखी शादी

**गाजीपुर।** ऐसा! सात नहीं, विवाह की रश्म नौ फेरों से पूरा किया गया। विवाह में बारातियों को मोटे अनाज के पकवान परोसे गए। विवाह के बाद पौधरोपण कर जीवन की शुरुआत नव-दम्पत्ति ने किया। गाजीपुर में 49 साल पूर्व डीएम रहे डॉक्टर कमल टावरी ने मित्र की बेटी का किया कन्यादान। अनोखी शादी गाजीपुर जलसा गार्डन में संपन्न हुई। इसकी चर्चा चारों तरफ हो रही है। मनिहारी विकास खंड के यूसुफपुर (खड़बा) गांव निवासी समाजिक कार्यकर्ता एवं यूट्यूबर ब्रजभूषण दूबे की बेटी प्राची भूषण का विवाहोत्सव को मऊ जनपद स्थित ब्राह्मणपुरा गांव निवासी इंजीनियर प्रवीण दूबे के साथ सनातन पद्धति से सम्पन्न हुआ। विवाह में बाराती और घरातियों को ज्वार- बाजरा, रागी तथा अलसी के लड्डू परोसे गए। साथ ही भोजन में सावां की खीर ज्वार बाजरे का भात एवं मड़वे की रोटी परोसी गई। इसे लोगों ने खूब चाव से खाया एवं सराहा गया। मिलेट्स (सुपर फूड) के पकवान नई जनरेशन के लिए किसी आश्चर्य से कम नहीं था। बेटी के पिता ब्रजभूषण दूबे ने कहा कि पीएम नरेंद्र मोदी के आह्वान पर पूरे विश्व ने वर्ष 2023 मिलेट्स ईयर के रूप में स्वीकार किया है। इसके ग्रहण करने से पोषण तो होता ही है।

## सपा टिकट पर वीरेंद्र व अफजल अंसारी का लोस चुनाव लड़ने का रास्ता साफ





केटी न्यूज/चंदौली/गाजीपुर

समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने लोकसभा चुनाव -2024 के मद्देनजर 11 प्रत्याशियों के नाम की सोमवार को घोषणा कर दी है। जिसमें 75-लोकसभा गाजीपुर से बसपा सांसद अफजाल अंसारी को भी नामित किया गया है। गाजीपुर से बसपा सांसद अफजाल अंसारी के नाम की घोषणा होते ही जनपद ही नहीं, बल्कि पूरे उत्तर प्रदेश में राजनीति की गलियारों में गर्माहट आ गई है। वहीं चंदौली से वीरेंद्र सिंह का चुनाव लड़ने का रास्ता साफ माना जा रहा है। सपा ने चंदौली लोकसभा से पूर्व मंत्री विरेंद्र सिंह को अपना प्रत्याशी बनाया है, जो लोकसभा चुनाव-2024 में सपा का चेहरा होंगे। टिकट मिलने के दौरान सोमवार को सपा प्रत्याशी विरेंद्र सिंह जनपद दौरे पर रहे। और उन्होंने मुख्यालय के सपा कार्यालय पर प्रेसवार्ता में अपनी बातों और प्राथमिकताओ को पत्रकारों के समक्ष रखा। वहीं साथ ही जिले के विकास पुरुष कहे जाने वाले पुरोधा पंडित कमलापति त्रिपाठी की मूर्ति पर मुख्यालय स्थित पार्क में पहुंचकर माल्यार्पण कर आशीर्वाद लिया। वहीं सपा कार्यकर्ताओं ने भी अपनी कमर कस ली है।

## कांग्रेसियों ने आयकर विभाग कार्यालय का घेराव कर दिया धरना-प्रदर्शन

केटी न्यूज/ गाजीपुर

अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी तथा युवा कांग्रेस के बैंक खातों को सीज किए जाने के विरोध में जिला एवं शहर कांग्रेस कमेटी ने प्रदेश कमेटी के निर्देश पर मोहनपुरवा स्थित आयकर कार्यालय का घेराव कर विरोध प्रदर्शन किया। कार्यकर्ताओं और नेताओं ने तख्ती और नारों से आयकर विभाग को सरकार के दबाव में असंवैधानिक कार्य न करने का नारा बुलंद किया। प्रदर्शन का नेतृत्व कर रहे कांग्रेस जिलाध्यक्ष सुनील राम ने बताया कि हाल ही में क्राउड फंडिंग द्वारा आमजन से सहायता राशि प्राप्त की गई थी। जिसे आयकर विभाग ने पक्षपात पूर्ण ढंग से भाजपा सरकार के दबाव में सीज कर दिया है।ऐसे खातों को सीज करने का भाजपा सरकार का रवैया लोकतंत्र विरोधी है। जिसकी हम घोर निन्दा करते



हैं। एआईसीसी सदस्य रविकांत राय ने बताया कि वर्तमान भाजपा सरकार द्वारा एआईसीसी और यूथ कांग्रेस के क्राउड फंडिंग खाते को मनमाने और द्वेषपूर्ण रवैए के चलते आयकर विभाग पर दबाव बनाकर फ्रीज करा दिया है,जो गलत और असंवैधानिक है। पूर्व प्रदेश सचिव जनक कुशवाहा ने कहा कि सरकार के दबाव में सरकारी एजेंसियां गलत कार्य कर रही हैं। इसलिए हमलोग यहां आयकर कार्यालय का घेराव कर सही कार्य करने के लिए विभाग के सामने प्रदर्शन कर रहे हैं। इस अवसर पर प्रमुख रूप से पीसीसी सदस्य डॉ.मार्कंडेय सिंह, अजय कुमार श्रीवास्तव, महबूब निशा एवं उषा चतुर्वेदी,चंद्रिका सिंह, राजेश गुप्ता,आलोक यादव, सुमेर कुशवाहा, ओम प्रकाश पांडे,परवेज खान सहित अन्य उपस्थित थे।

## बलिया डीएम ने बोर्ड परीक्षा को लेकर की बैठक, कहा गड़बड़ी हुई तो तय होगी व्यक्तिगत जवाबदेही

# नकलविहीन व शुचितापूर्ण परीक्षा कराने का लें संकल्प: डीएम

केटी न्यूज/बलिया

उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षा परिषद, लखनऊ द्वारा संचालित आगामी हाईस्कूल एवं इंटरमीडिएट की बोर्ड परीक्षा को सकुशलतापूर्वक, नकलविहीन और शुचितापूर्ण संपन्न कराने को लेकर जिलाधिकारी रवीन्द्र कुमार ने कलेक्ट्रेट सभागार के गंगा बहुउद्देशीय सभागार में बैठक की। उन्होंने सभी जोनल,स्टेटिक, एवं सेक्टर मजिस्ट्रेट,केंद्र व्यवस्थापक व बाह्य केंद्र व्यवस्थापकों को निर्देश दिया कि परीक्षा की जो नियम-शर्तें हैं। उनके अनुरूप ही परीक्षा कराएंगे। सचेत किया कि किसी भी स्तर पर छोटी से छोटी गलती भी अक्षम्य होगी। किसी भी प्रकार की गड़बड़ी संज्ञान में आई तो व्यक्तिगत रूप से



जवाबदेही तय करते हुए जिम्मेदार पर बड़ी कार्रवाई होगी। उन्होंने सभी से अनुरोध किया कि परीक्षा से संबंधित सभी संबंधित अधिकारियों के कार्यों के बारे में बोर्ड द्वारा बुकलेट में सभी आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए हैं सभी लोग इसे अवश्य पढ़ लें। किसी भी दशा में कोई भी छोटी गलती स्वीकार नहीं होगी। डीएम ने कहा कि समीक्षा अधिकारी एवं सहायक समीक्षा अधिकारी और पुलिस भर्ती परीक्षा को सकुशलतापूर्वक सम्पन्न कराने के बाद बोर्ड परीक्षा को निर्विघ्न संपन्न कराने की जिम्मेदारी है। इस परीक्षा में जितने स्तर पर अधिकारियों की ड्यूटी लगाई गई है वह पूरी तरीके से फूलप्रूफ व्यवस्था है, इसमें शामिल सभी अधिकारी यदि अपने कर्तव्यों का निर्वहन सही तरीके से करेंगे तो बोर्ड परीक्षा में कोई सेंधमारी नहीं होगी। यदि किसी ने सेंधमारी की कोशिश की तो इसके बुरे परिणाम भुगतने पड़ेंगे। साथ ही सभी केंद्र व्यवस्थापकों को स्ट्रांग रूम की फूलप्रूफ सुरक्षा से संबंधित रिपोर्ट देने का निर्देश दिया। इसके अलावा स्टेटिक मजिस्ट्रेट परीक्षा केंद्र के बाहर और केंद्र व्यवस्थापक एवं बाह्य केंद्र व्यवस्थापक परीक्षा केंद्र के अंदर बोर्ड के निदेशों का अनुपालन सुनिश्चित कराएगें। बैठक में एसपी देव रंजन वर्मा ने सुरक्षा व्यवस्था को लेकर अपनी बात रखी और कहा कि पिछले समीक्षा अधिकारी एवं सहायक समीक्षा अधिकारी और पुलिस भर्ती परीक्षा को कड़ी निगरानी में सकुशल संपन्न कराया गया है और इस दौरान संलिप्त आरोपियों पर कड़ी कार्रवाई करते हुए मुकदमा भी दर्ज किया गया। उन्होंने परीक्षा के दौरान नकल माफियाओं, फर्जी अभ्यर्थियों और पेपर लीक जैसे बिंदुओं पर नकेल कसने के लिए अपनी सुरक्षा व्यवस्था के पुख्ता इंतजाम के बारे में जानकारी दी। उन्होंने साफ शब्दों में सभी को सचेत किया कि इन परीक्षाओं पर पुलिस की भी पैनी नजर रहेगी। स्पेशल सेल एक्टिव रहेगा, इसलिए इस परीक्षा की संवेदनशीलता को समझते हुए आप में से कोई भी लापरवाही नहीं बरतेगा।


दाँत का अस्पताल
शिवम डेन्टल मल्टीस्पेशलिटी क्लिनिक
AN ISO certified Clinic 9001 : 2015
पता - पाल कॉम्पलेक्स महराजा पेट्रोल पंप के बगल में स्टेशन रोड़, डुमरांव
मोबाईल नम्बर 7992243949, 9570259286
E mail id - kundan95702@gmail.com
दंत-रोपण एवं टूटे हुए जबड़े की सफल सर्जरी
डा. हिमांशु पाण्डेय
सुप्रसिद्ध दंत चिकित्सक
शिवम डेन्टल मल्टीस्पेशलिटी क्लिनिक



# इन बैड मनी हैबिट्स से आज ही कर लें किनारा

अधिकतर लोग यह मानते हैं कि एक अच्छा जीवनयापन करने के लिए उनकी अच्छी-खासी इनकम होनी चाहिए। लेकिन आपकी सैलरी या इनकम अमाउंट से भी ज्यादा महत्वपूर्ण होता है, उस पैसे को मैनेज करने की कला आना। ऐसे कई लोग होते हैं, जो बेहद ही सिस्टमेटिक तरीके से अपने पैसे को खर्च करते हैं और कुछ हिस्से को निवेश करते हैं। जिससे उन्हें वर्तमान ही नहीं, बल्कि भविष्य में भी किसी तरह की कोई समस्या नहीं होती है। वहीं, कुछ लोग ऐसे भी होते हैं, जिनकी इनकम अच्छी खासी होती है। लेकिन फिर भी उन्हें वे पैसे कम ही पड़ जाते हैं। यहां तक कि कई बार तो कर्ज लेने की जरूरत भी पड़ जाती है। ऐसा इसलिए होता है, क्योंकि उनमें कुछ बैड मनी हैबिट्स होती है।

## कमाई से अधिक खर्च

बहुत से लोगों को काफी अधिक खर्च करने की आदत होती है। यहां तक कि वे जितना कमाते हैं, उससे भी अधिक खर्च करना शुरू कर देते हैं। अपनी इच्छाओं की पूर्ति के लिए वे क्रेडिट कार्ड आदि का इस्तेमाल करते हैं। ऐसा करने से आपको कभी भी फाइनेंशियल प्रॉब्लम्स का सामना करना पड़ सकता है। इसलिए, हर महीने अपनी आय का लगभग 20 प्रतिशत बचाने का लक्ष्य रखें।

## जरूरत से ज्यादा लोन

आज के समय में आपको कार से लेकर घर तक के लिए लोन मिल जाता है। कुछ लोग एक बेहतर जीवन जीने के लिए इन सभी चीजों पर लोन ले लेते हैं। हालांकि, एक साथ कई सारे लोन लेना समझदारी भरा निर्णय नहीं माना जाता है। ऐसा इसलिए है, क्योंकि आप जरूरत से ज्यादा कर्ज व ब्याज के बोझ तले दब जाते हैं। इस तरह अगर कभी आपको जॉब में समस्या होती है तो घर का खर्चा उठाना भी भारी पड़ जाएगा।

## पैसे को इनवेस्ट ना करना

यह एक बेहद जरूरी कदम है, लेकिन अधिकतर लोग बुढ़ापे में इनवेस्टमेंट करने पर विचार करते हैं। जबकि यह आपकी बहुत बड़ी गलती हो सकती है। अगर आप शुरुआत से ही पैसे को थोड़ा इनवेस्ट करने के लिए प्लॉन करती हैं तो ऐसे में आपको आगे चलकर काफी अच्छी रकम एक साथ मिल जाती है। आजकल इनवेस्टमेंट के कई बेहतरीन प्लॉन अवेलेबल हैं, जिनमें आप मंथली से लेकर सालाना रिटर्न ले सकती हैं या फिर कुछ सालों के बाद आपको एक बड़ी रकम भी मिल सकती हैं। आप अपनी सैलरी इनकम के छोटे से हिस्से से इनवेस्टमेंट की शुरुआत करें। इससे धीरे-धीरे आप खुद को फाइनेंशियली अधिक स्ट्रॉन्ग महसूस करेंगी।



# बच्चों पर ज्यादा गुस्सा आए तो क्या करना चाहिए, जानें टिप्स

इन दिनों गोवा के होटल में एक हत्या सुर्खियों में है। होटल में जिसकी हत्या हुई और जो गिरफ्तार हुआ, दोनों की पहचान सामने आने से हर कोई हैरान रह गया। इस हत्या का आरोप एक मां पर लगा है। आरोप है कि सूचना सेठ नाम की एक महिला ने अपने 4 साल के बच्चे की हत्या कर दी है। दरअसल, अपने पति वेंकेट रमण से अलग होने के बाद बच्चे की कस्टडी को लेकर लड़ाई चल रही थी। इसी बीच कोर्ट ने पिता को बच्चे से मिलने की परमिशन दे दी। इस बात से सूचना सेठ काफी परेशान थी। इसी कारण उसने बच्चे की हत्या कर दी। इसके बाद से एक मां का बच्चे के साथ व्यवहार और क्रूरता को लेकर कई तरह के सवाल खड़े होते हैं। कुछ मां ऐसी होती हैं जिन्हें शायद अपने बच्चों की मासूमियत भी नहीं समझ आती है। जरूरत इस बात की है कि अपने गुस्से को कंट्रोल कर बच्चे की मासूमियत को एंज्वॉय करना चाहिए। आज हम आपको बच्चे की परवरिश के साइकोलॉजिकल टिप्स के बारे में बताएंगे।

कई बार पेरेंट्स बच्चों की हरकतों से परेशान होकर उन्हें डांट देते हैं। पर हर बार आपका बच्चा गलत ही हो ये जरुरी नहीं। दरअसल, कभी-कभी आपको चाहिए कि आप अपने बच्चों की बातो को भी सुनें और समझें। अपने काम से थोड़ा फ्री होकर उनके साथ भी वक्त बिताएं। बच्चों को भी ये लगना चाहिए कि उनके मां-बाप उनकी बातों को समझते हैं। ऐसा करने से आपके बच्चे की बिहेवियर में सुधार भी आएगा। अपने गुस्से और इमोशन्स पर करें कंट्रोल अगर आपको कभी आपके बच्चे पर गुस्सा आता है, तो आपको कंट्रोल करना चाहिए। ऐसा करने से बच्चे के दिमाग पर गलत प्रभाव पड़ता है। हो सकता है कि बच्चा आपसे डरने लगे और आपसे बात करना बंद कर दे। इसलिए जरुरी है कि बच्चों की नादानी को उनका मासूमियत समझकर अपने गुस्से पर नियंत्रण रखें।

## अच्छे-अच्छे एग्जाम्पल दिखाएं

अपने बच्चे को अच्छी आदतों का उदाहरण देकर समझाएं। गलत चीजों के ऊपर डांटने की जगह अगर आप उन्हें सही आदतों के बारे में समझाएंगे तो शायद उनके दिमाग में पोजिटिविटी आएगी। साथ ही, आपको बच्चों के व्यवहार में काफी कई सारे नए बदलाव भी नजर आएंगे।

## सही समय पर करें बात

बच्चे जब ज्यादा जिद्द करने लगे तो उन्हें बड़े ध्यान से हैंडल करना होता है। उनको समझाने के लिए बच्चों के मूड के अनुसार सही समय का इंतजार करें। जब लगे कि आपका बच्चा सही मूड में है और आपके पास बैठ रहा है तो उस टाइम आप उसे प्यार से समझा सकती हैं।

## बच्चों के सामने पोजिटिव अप्रोच

बच्चे अक्सर तभी खुश होते हैं और पेरेंट्स की बात सुनते हैं जब कुछ उनके मन के अनुसार हुआ हो। इसलिए आपको चाहिए कि आप बच्चों के सामने पोजिटिव अप्रोच रखें। जैसे अगर आपके बच्चे को घूमना पसंद है तो बच्चे से कभी-कभी घूमने का प्रॉमिस करके अपना काम आसान कर सकती हैं।





# लॉन्ग टर्म फाइनेंशियल स्टेबिलिटी के लिए अपनाएं ये स्ट्रैटेजी

**अधिकतर लोगों की यह इच्छा होती है कि एक दिन वह बहुत अमीर बन जाएं, जिसके कारण उनके पास फाइनेंशियल स्टेबिलिटी हो। पैसों की कमी के कारण उन्हें अपनी इच्छाओं या सपनों को अधूरा ना छोड़ना पड़े। हालांकि, इसके लिए फाइनेंशियल प्लानिंग करना बेहद जरूरी होता है, जिसके लिए अधिकतर लोग तैयार नहीं होते हैं।**

यह सच है कि फाइनेंशियल स्टेबिलिटी आपको पैसे की चुनौतियों के साथ आने वाले तनाव और चिंता को दूर रखती है और आपको अपनी इच्छानुसार जीने की आजादी देती है। इतना ही नहीं, इससे आपके सफल होने के चांसेस भी बढ़ जाते है। यह जरूरी नहीं है कि आपकी कमाई लाखों में ही हो। अगर आप चाहें तो हजारों में कमाकर भी लॉन्ग टर्म में फाइनेंशियल स्टेबिलिटी को हासिल कर सकते हैं। बस इसके लिए सही स्ट्रैटेजी को अपनाना जरूरी होता है।

## सेट करें गोल्स

लॉन्ग टर्म में फाइनेंशियल स्टेबिलिटी हासिल करने के लिए आज ही आपको अपने फाइनेंशियल गोल्स सेट कर लेने चाहिए। जब आप अपने टारगेट्स सेट कर लेते हैं तो उन्हें मॉनिटर करना और उन्हें अचीव करने के लिए सही कदम उठाना अधिक आसान हो जाता है। इतना ही नहीं, यह आपको अपनी आमदनी और खर्चों के प्रति अधिक जवाबदेह भी बनाता है। एक बार जब आप गोल्स सेट कर लें तो उसके अनुसार ही अपना बजट, खर्च, निवेश व बचत के बारे में स्ट्रैटेजी बनाएं।

## लोन को करें मैनेज

अक्सर लोग लैविश लाइफ जीने के चक्कर में कई तरह के लोन लेते हैं या फिर क्रेडिट कार्ड का इस्तेमाल करते हैं। लेकिन उसका समय पर भुगतान नहीं करते हैं। इस तरह के लोन या समय पर भुगतान ना करने से आपको बहत अधिक ब्याज देना पड़ता है, जो कहीं ना कहीं आपके फाइनेंशियल टारगेट्स को नेगेटिव तरीके से इफेक्ट करता है। इतना ही नहीं, लोन का ब्याज भी लॉन्ग टर्म फाइनेंशियल स्टेबिलिटी में बाधा बन सकता है। इसलिए, सोच समझकर ही लोन लें और अपनी जरूरत के अनुसार ही लोन लें।

## बचत को बनाएं अपनी आदत

बचत को अपनी एक आदत बनाएं। आप हर महीने अपने सेविंग अकाउंट से कुछ राशि को ऑटोमेटिक ट्रांसफर पर सेट करें। मसलन, आप एसआईपी में निवेश कर सकते हैं, जिसमें हर महीने एक निश्चित राशि आपके अकाउंट से कट जाएगी। कोशिश करें कि आप अपनी आय का कम से कम 20 प्रतिशत जरूर बचाएं। जब आप बचत को अपनी आदत बना लेते हैं तो लॉन्ग टर्म में आप बहुत अधिक धनराशि जमा कर सकते हैं।

## समझदारी से करें इनवेस्ट

लॉन्ग टर्म फाइनेंशियल स्टेबिलिटी हासिल करने के लिए सिर्फ सेविंग करना ही काफी नहीं होता है। आपको ऐसे रास्ते ढूंढने चाहिए, जिससे आप अपने पैसों की ग्रोथ होते हुए देखें। ऐसे में इनवेस्ट करना अच्छा विचार है। आप कई तरह की स्कीम में इनवेस्ट कर सकते हैं। लेकिन जब भी आप इनवेस्ट करें तो उसके रिस्क, फायदे व लॉकिंग पीरियड जैसे कई पहलुओं पर विचार करें और उसके बाद ही कोई कदम बढ़ाए। आप चाहें तो किसी अच्छे फाइनेंशियल एडवाइजर से सलाह भी ले सकते हैं।



# एग्जाम के समय में बच्चे को कैसे रखें स्ट्रेस फ्री?

बच्चे अक्सर एग्जाम से पहले काफी ज्यादा स्ट्रेस ले लेते हैं, जिसका असर उनके रिजल्ट पर पड़ता है। कई बार विषय या टॉपिक कवर करने के बाद भी एग्जामिनेशन हॉल में बैठने से पहले बच्चे घबरा जाते हैं। वहीं, कुछ बच्चे ऐसे भी होते हैं, जो साल भर पढ़ाई नहीं करते हैं और एग्जाम के समय में दिमाग पर ज्यादा प्रेशर लेते हैं। इसके अलावा कई पैरेंट्स भी बच्चे के ऊपर एग्जाम में अच्छे मार्क्स लाने का दबाव बनाते हैं, जिससे बच्चों की परेशानी और भी ज्यादा बढ़ जाती है। हालांकि, बच्चे के लिए माता-पिता का साथ होना बेहद जरूरी होता है। एक रिसर्च के अनुसार जानते हैं कि पैरेंट्स कैसे एग्जाम से पहले अपने बच्चों को स्ट्रेस फ्री रख सकते हैं।

## बच्चों की परेशानी समझें

यूनिसेफ की एक रिसर्च के मुताबिक, अगर आपका बच्चा एग्जाम से पहले काफी घबराया हुआ है, तो आप सबसे पहले जरूरी है कि आप उसकी परेशानी को समझें। उनसे बात करके जानें कि आखिर उन्हें किस टॉपिक या विषय में ज्यादा दिक्कतें हैं। तभी आप कुछ हल निकाल पाएंगी।

## प्यार से करें बात

बच्चे अगर बहुत ज्यादा एग्जाम के लिए टेंशन में हैं, तो इस स्थिति में आपको उनसे प्यार से बात करना चाहिए। इन दिनों अगर आप उन्हें डांटेंगी, तो इससे उनके दिमाग पर असर कर सकता है। इसलिए पहले बच्चे की प्रॉब्लम को जानें, उसके बाद उन्हें प्यार से समझाएं।

## बच्चों के लिए बनें रोल मोडल

अगर आपका बच्चा एग्जाम को लेकर काफी ज्यादा स्ट्रेस में है, तो बच्चे के पास थोड़ा समय निकालकर बैठें और उनसे अपनी पुरानी स्थिति के बारे में बताएं। उदाहरण के तौर पर आप अपने बच्चे को बताएं कि आप अपने एग्जाम के समय क्या करते थे। ह्वृष्टश्वस्र की रिसर्च के अनुसार, ऐसे एग्जांपल आपके बच्चे के मन के डर को खत्म करने में आपकी मदद कर सकते हैं।

## 8 से 10 घंटे सोना जरूरी

अक्सर बच्चे पहले से एग्जाम की तैयारी नहीं करते हैं और परीक्षा के समय काफी ज्यादा स्ट्रेस ले लेते हैं। इसके कारण रात में पढ़ाई करने की जिद्द भी करते हैं। लेकिन, पैरेंट्स होने के नाते आपका फर्ज है कि आप अपने बच्चों के सोने और उठने का ख्याल रखें। यूनिसेफ की एक रिपोर्ट के अनुसार, अगर आपके बच्चे की उम्र 6 से 12 साल के बीच है, तो उसे 9 से 12 घंटे की नींद लेना जरूरी है। वहीं, टीनेज वालों को 8 से 10 घंटे सोना एक हेल्दी स्लिप माना जाता है।



## संक्षिप्त समाचार

### देश में घटा चीनी का उत्पादन, इस वर्ष कुल 0 फीसदी गिरावट का अनुमान

**नई दिल्ली, एजेंसी।** देश में चीनी के उत्पादन में गिरावट दर्ज की जा रही है। वर्तमान विपणन वर्ष की 15 फरवरी तक चीनी उत्पादन 2.48 फीसदी की गिरावट के साथ 22.36 मिलियन टन हो गया। इंडियन शुगर मिल एसोसिएशन के ताजा आंकड़ों से ये जानकारी सामने आई है। एक साल पहले ही इसी अवधि में चीनी उत्पादन 22.93 मिलियन टन रहा था। बता दें कि चीनी के लिए विपणन वर्ष की गणना अक्टूबर से सितंबर के बीच की जाती है। अपने दूसरे अनुमान में, इंडियन शुगर मिल्स एसोसिएशन ने चालू विपणन वर्ष (2023-24) में चीनी उत्पादन 10 प्रतिशत घटकर 33.05 मिलियन टन होने का अनुमान लगाया है, जो पिछले वर्ष में 36.62 मिलियन टन था। हालांकि, उत्तर प्रदेश में चीनी का उत्पादन समीक्षाधीन अवधि में 6.12 मिलियन टन के मुकाबले 6.77 मिलियन टन अधिक था। उत्तर प्रदेश देश में चीनी उत्पादन के मामले में दूसरे स्थान पर है। चालू विपणन वर्ष के 15 फरवरी तक लगभग 505 कारखाने चल रहे थे, जबकि एक साल पहले की अवधि में यह आंकड़ा 502 था। आईएसएमए ने कहा कि महाराष्ट्र और कर्नाटक में लगभग 22 कारखानों ने अपना परिचालन बंद कर दिया है।

### ऑल टाइम हाई पर पहुंचा निफ्टी, सेंसेक्स में 300 अंक की तेजी




**नई दिल्ली, एजेंसी।** हफ्ते के पहले कारोबारी दिन आज यानी 19 फरवरी को शेयर बाजार में तेजी देखने को मिल रही है। निफ्टी ने 22,157 का ऑल टाइम हाई बनाया है। इससे पहले निफ्टी का ऑल टाइम हाई 22,115 था, जो उसने 15 जनवरी को बनाया था। वहीं, सेंसेक्स भी करीब 300 अंक की तेजी के साथ 72,730 के स्तर पर कारोबार कर रहा है। सेंसेक्स के 30 शेयरों में से 25 में तेजी और 5 में गिरावट देखने को मिल रही है। इसके अलावा मार्केट ओपन होते ही पेटीएम के शेयर में 5त्न का अपर सर्किट लग गया है।

### इस सप्ताह वैश्विक रुख से तय होगी शेयर बाजार की चाल : विश्लेषक



**नई दिल्ली, एजेंसी।** इस सप्ताह भारतीय शेयर बाजारों का रुख वैश्विक रुझानों से तय होने की उम्मीद है। विश्लेषकों ने यह राय जताई है। उनका कहना है कि स्थानीय स्तर पर महत्वपूर्ण घटनाक्रम की कमी और कंपनियों के तिमाही नतीजे काफी हद तक आ जाने के बीच कारोबारियों की नजर कच्चे तेल की कीमतों, रुपए की चाल और अमेरिकी फेडरल रिजर्व की बैठक की टिप्पणियों पर रहेगी। रेलिगेयर ब्रोकिंग लिमिटेड के वरिष्ठ उपाध्यक्ष (तकनीकी शोध) अजित मिश्रा ने कहा, कंपनियों के तीमाही परिणाम आ जाने के साथ आने वाले सप्ताह में वैश्विक संकेतक काफी हद तक बाजार की चाल तय करेंगे। बीते सप्ताह बाजार में उतार-चढ़ाव रहा, हालांकि अंत में सूचकांक बढ़त के साथ बंद हुए। मजबूत व्यापक आर्थिक आंकड़ों के कारण घरेलू बाजार पिछले सप्ताह सकारात्मक रुख के साथ बंद हुए। प्रमुख सूचकांकों में एक प्रतिशत से अधिक की बढ़त रही।

# प्रतिस्पर्धी कंपनियों में पेटीएम के ग्राहकों को लुभाने की मची होड़

**नई दिल्ली, एजेंसी।** भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) द्वारा पेटीएम पेमेंट्स बैंक के कामकाज पर रोक लगाए जाने की घोषणा के एक पखवाड़े बाद केंद्रीय बैंक ने पिछले हफ्ते अक्सर पूछे जाने वाले प्रश्नों की सूची जारी कर डिजिटल भुगतान प्लेटफॉर्म को लेकर असमंजस दूर करने का प्रयास किया था। इसके बावजूद प्रतिस्पर्धी कंपनियों द्वारा व्यापारियों को लुभाने की होड़ लगी है। गूगल पे, फोनपे, एचडीएफसी और भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) भी किराना दुकानदारों और खुदरा विक्रेताओं सहित व्यापारियों को अपनी प्रौद्योगिकी, उत्पाद और सेवाओं को अपनाने के लिए आकर्षित करने की खातिर खूब प्रचार-प्रसार कर रहे हैं।

कोलकाता के चर्चित बाजार न्यू मार्केट के एक रिटेलर ने कहा कि एसबीआई पेटीएम संकट के बाद से ही अपनी पॉइंट ऑफ सेल (पीओएस) मशीनों को अपनाने के लिए जोर दे रहा है। न्यू मार्केट में कई रिटेल स्टोर हैं, जहां कपड़ों से लेकर कॉस्मेटिक्स और खाने-पीने की




वस्तुओं की बिक्री होती है। ऐसे में डिजिटल भुगतान प्रदाता और बैंक यहां के व्यापारियों को अपने साथ जोड़ने का प्रयास कर रहे हैं। ऐसा केवल कोलकाता में ही नहीं बल्कि देश के सभी हिस्सों में पेटीएम के प्रतिस्पर्धी व्यापारियों को आकर्षित करने में लगे हैं।

दिल्ली के एक दुकानदार ने कहा, 'पिछले हफ्ते फोनपे का एक सेल्स एक्जीक्यूटिव मेरी दुकान पर आया था और बताया कि पेटीएम की सेवाएं आगे उपलब्ध नहीं होंगी और उन्होंने मुझे इसे बदलने की सलाह दी थी।' दिल्ली के एक दुकानदार ने अभी दूसरे प्लेटफॉर्म पर जाने का मन नहीं बनाया है क्योंकि पेटीएम ऐप के साथ ही साउंडबॉक्स पर संदेश आ रहे हैं कि पेटीएम की सेवाएं पहले की तरह जारी रहेंगी। पुणे में मोबाइल फोन स्टोर चलाने वाले सतीश सालुंके के पास पेटीएम पेमेंट्स बैंक से जुड़ा पेटीएम साउंडबॉक्स है। उन्होंने कहा कि फोनपे के एक सेल्स अधिकारी ने नया क्यूआर लेने के लिए उनसे संपर्क किया था।

उन्होंने कहा, 'आरबीआई की पाबंदियां और पिछले हफ्ते जारी अक्सर पूछे जाने वाले प्रश्नों की सूची के बाद मुझे नया अकाउंट खोलना होगा और शेष राशि को उसमें हस्तांतरित कर नई मशीन लेनी होगी। अकाउंट हस्तांतरण के बारे में जानकारी के लिए मैं पेटीएम से संपर्क करने की कोशिश कर रहा हूं मगर उसका हेल्पलाइन नंबर हमेशा व्यस्त आ रहा है।' उन्होंने कहा, 'अगर समस्या इसी तरह बनी रही तो मजबूरी में मुझे दूसरा प्लेटफॉर्म अपनाना होगा।' आरबीआई द्वारा जारी अक्सर पूछे जाने वाले प्रश्नों की सूची से पेटीएम को लेकर स्थिति काफी हद तक साफ हुई है। नियामक ने पेटीएम पेमेंट्स बैंक को जमा और भुगतान लेनदेन करने की मोहलत 15 मार्च तक बढ़ा दी है। इसमें स्पष्ट किया गया है कि व्यापारी 15 मार्च के बाद भी पेटीएम क्यूआर कोड, साउंडबॉक्स या पीओएस टर्मिनल का उपयोग कर पाएंगे, अगर भुगतान किसी अन्य बैंक के खाते में लिया जाता है लेकिन पेटीएम पेमेंट्स बैंक से जुड़े क्यूआर कोड, पीओएस और साउंडबॉक्स 15 मार्च के बाद काम नहीं करेंगे। व्यापारियों ने कहा कि स्पष्टीकरण से निर्णय लेने में मदद मिलेगी।

### आरबीआई और ईडी के एक्शन के बाद पेटीएम को एक और बड़ा झटका

**नई दिल्ली, एजेंसी।** पेटीएम की परेशानी खत्म होती नहीं दिख रही हैं। आरबीआई और ईडी के सख्त एक्शन के बाद अब कंपनी के लिए एक और नकारात्मक खबर आई है। जेफरीज इंडिया ने पेटीएम की रेटिंग को खत्म कर दिया है। कंपनी का कहना है कि पेटीएम से जुड़ी खबरों के 'स्थिर' होने तक जेफरीज अपने फैसले पर बरकरार रहेगी।

इसी के साथ जेफरीज फाइनेंशियल ग्रुप इंक, पेटीएम-ऑपरेटर वन 97 कम्युनिकेशंस लिमिटेड पर कवरेज छोड़ने वाली पहली प्रमुख विदेशी ब्रोकरेज कंपनी बन गई है। भारतीय रिजर्व बैंक द्वारा पिछले महीने पेटीएम पेमेंट्स बैंक के खिलाफ किए गए एक्शन के बाद से कंपनी की साख पर भी काफी नकारात्मक असर पड़ा है। आरबीआई के एक्शन के कुछ हफ्ते बाद ही निवेश बैंक ने पेटीएम के स्टॉक को ÷नॉट रेटेड÷ घोषित किया है। वहीं पेटीएम के बिजनेस मॉडल को लेकर भी चिंता जाहिर की है और अब स्न्ङ्क25श्च के रेवेन्यू में सालाना आधार पर 28 प्रतिशत की गिरावट देखती है।

जेफरीज ने अपने नोट में कहा कि हम, यूजर/मर्चेंट रिटेंशन, रेवेन्यू ट्रैक्शन और कॉस्ट कंट्रोल्स से पैदा होने वाले सकारात्मक और नकारात्मक जोखिम देख रहे हैं। मर्चेंट/यूजर एट्रीशन 10-30 प्रतिशत तक रहने और और कुल रेवेन्यू को 20-45 प्रतिशत का झटका लगने के आधार पर वैल्यूएशन काफी अलग हो सकती है।

## एफपीआई ने फरवरी में अबतक शेयरों से 3,776 करोड़ रुपए निकाले

**नई दिल्ली, एजेंसी।** अमेरिकी में बॉन्ड पर प्रतिफल बढ़ने और घरेलू तथा वैश्विक मोर्चे पर ब्याज दर को लेकर अनिश्चितता के बीच विदेशी पोर्टफोलियो निवेशकों (एफपीआई) ने इस महीने अबतक भारतीय शेयर बाजारों से 3,776 करोड़ रुपए निकाले हैं। डिपॉजिटरी के आंकड़ों से यह जानकारी मिली है। हालांकि, विदेशी निवेशक ऋण या बॉन्ड बाजार को लेकर उत्साहित हैं और समीक्षाधीन अवधि में उन्होंने बॉन्ड बाजार में 16,560 करोड़ रुपए डाले हैं।

आंकड़ों के अनुसार, विदेशी पोर्टफोलियो निवेशकों ने इस महीने अबतक (16 फरवरी तक) शेयर बाजारों से शुद्ध रूप से 3,776 करोड़ रुपए की निकासी की है। इससे पहले उन्होंने जनवरी में शेयरों से 25,743 करोड़ रुपए निकाले थे।



इसके साथ, इस साल उनकी कुल निकासी 29,519 करोड़ रुपए तक पहुंच चुकी है। जियोजीत फाइनेंशियल सर्विसेज के मुख्य निवेश रणनीतिकार वी के विजयकुमार ने कहा, ''अपेक्षा से अधिक उपभोक्ता मुद्रास्फीति के कारण अमेरिकी बॉन्ड प्रतिफल बढ़ा है जिससे एफपीआई लगातार बिकवाल बने हुए हैं।

मॉर्निंगस्टार इन्वेस्टमेंट रिसर्च इंडिया के एसोसिएट निदेशक-प्रबंधक शोध हिमांशु श्रीवास्तव ने कहा कि इसके अलावा, ताजा बिकवाली की वजह घरेलू और वैश्विक स्तर पर ब्याज दर को लेकर अनिश्चितता भी है। आंकड़ों के मुताबिक, इससे पहले जनवरी में एफपीआई ने बॉन्ड बाजार में शुद्ध रूप से 19,836 करोड़ रुपए डाले थे। दिसंबर में उन्होंने 18,302 करोड़ रुपए, नवंबर में 14,860 करोड़ रुपए और अक्टूबर में 6,381 करोड़ रुपए का शुद्ध निवेश किया था। सितंबर 2023 में, जेपी मॉर्गन चेज़ एंड कंपनी ने घोषणा की थी कि वह जून, 2024 से अपने बेंचमार्क उभरते बाजार सूचकांक में भारत सरकार के बॉन्ड को शामिल करेगी। इस कदम ने पिछले कुछ महीनों में देश के बॉन्ड बाजारों में प्रवाह बढ़ा है। कुल मिलाकर, 2023 के लिए कुल एफपीआई प्रवाह शेयरों में 1.71 लाख करोड़ रुपए और ऋण बाजारों में 68,663 करोड़ रुपए रहा। कुल मिलाकर पूंजी बाजार में उनका निवेश 2.4 लाख करोड़ रुपए रहा था।

## नवंबर में हवाई क्षेत्र में काफी पास आ गए थे इंडिगो के दो विमान, एएआईबी कर रहा घटना की जांच




**नई दिल्ली, एजेंसी।** इंडिगो के दो ए321नियो विमान पिछले साल 17 नवंबर को दिल्ली हवाई अड्डे से प्रस्थान करने के तुरंत बाद हवाई क्षेत्र में खतरनाक तरीके से एक-दूसरे के करीब आ गए थे। इनमें से एक रायपुर और दूसरा हैदराबाद जा रहा था। विमान दुर्घटना जांच ब्यूरो (एएआईबी) वर्तमान में इस 'गंभीर घटना' की जांच कर रहा है। घटना से जुड़ी एएआईबी की प्रारंभिक रिपोर्ट में कहा गया है कि निकटतम लंबवत दूरी (400 फुट) के समय पार्श्व दूरी 1.2 समुद्री मील (दो विमानों के बीच) थी। निकटतम पार्श्व दूरी (0.2 समुद्री मील) के समय लंबवत दूरी 800 फुट थी।

नियमों के अनुसार हवा में विमानों को कम से कम 1,000 फुट की लंबवत दूरी और उनके बीच कम से कम पांच समुद्री मील की पार्श्व दूरी बनाए रखनी चाहिए। इस घटना में शामिल पायलटों के खिलाफ कोई कार्रवाई की गई या नहीं, इस संबंध में इंडिगो ने कोई जवाब नहीं दिया।

एएआईबी की रिपोर्ट में इस घटना का विवरण दिया गया है। रिपोर्ट में कहा गया है कि इंडिगो का एक विमान ए321नियो विमान (पंजीकरण संख्या वीटी-आईयूओ), जो हैदराबाद जा रहा था, 17 नवंबर को दोपहर 12.31 बजे दिल्ली हवाई अड्डे के रनवे 27 से रवाना हुआ था। हवाई यातायात नियंत्रक ने इस विमान के पायलटों को अनुसरण करने के लिए एक विशिष्ट मार्ग दिया और उन्हें 8,000 फुट की ऊंचाई पर जाने के लिए कहा लेकिन पायलट हवाई यातायात नियंत्रक द्वारा दिए गए विशिष्ट मार्ग का अनुसरण करने के बजाय दूसरे रनवे (29आर) के उड़ान भरने के मार्ग की तरफ बाईं ओर मुड़ गए। उसी समय रायपुर जाने वाले इंडिगो के दूसरे विमान ए321नियो (पंजीकरण संख्या वीटी-आईएसओ) के पायलटों को हवाई यातायात नियंत्रक से रनवे 29आर से प्रस्थान करने की मंजूरी और विशिष्ट मार्ग (पहले वाले विमान के पायलटों को दिए गए मार्ग से अलग) दे दिया गया।

## हाइब्रिड म्युचुअल फंड का जलवा, जनवरी में आया 20,634 करोड़ रुपए का निवेश

**नई दिल्ली, एजेंसी।** हाइब्रिड म्यूचुअल फंड योजनाएं निवेशकों के बीच लोकप्रिय हो रही हैं। इन योजनाओं ने जनवरी, 2024 में 20,634 करोड़ रुपए जुटाए। यह राशि इससे पिछले महीने के मुकाबले 37 प्रतिशत अधिक है। ऋण या बॉन्ड फंड के लिए कराधान कानूनों में बदलाव के बाद वैकल्पिक निवेश विकल्प के रूप में हाइब्रिड म्यूचुअल फंड योजनाएं निवेशकों का ध्यान खींच रही हैं। इन योजनाओं में चालू वित्त वर्ष 2023-24 में अप्रैल-जनवरी के दौरान कुल 1.21 लाख करोड़ रुपए निवेश किए गए।




पिछले वित्त वर्ष की समान अवधि के दौरान हाइब्रिड योजनाओं से शुद्ध निकासी हुई थी। हाइब्रिड म्यूचुअल फंड योजनाएं आमतौर पर इक्विटी और ऋण प्रतिभूतियों में और कभी-कभी सोने जैसी अन्य परिसंपत्तियों में निवेश करती हैं। एसोसिएशन ऑफ म्यूचुअल फंड्स इन इंडिया (एम्फी) के ताजा आंकड़ों के अनुसार, हाइब्रिड योजनाओं में जनवरी में 20,637 करोड़ रुपए का निवेश किया गया, जो दिसंबर, 2023 के 15,009 करोड़ रुपए से अधिक है। समीक्षाधीन महीने के दौरान हाइब्रिड फंड की दो श्रेणियां, जिन्होंने सबसे अधिक निवेश आकर्षित किया, वे हैं आर्बिट्राज फंड और मल्टी-एसेट अलोकेशन फंड।

# टाटा ग्रुप ने पूरे पाकिस्तान को पछाड़ा, 341 बिलियन डॉलर की तुलना में 365 बिलियन डॉलर पहुंचा मार्केट कैप

**नई दिल्ली, एजेंसी।** पिछले एक साल में टाटा ग्रुप की कई कंपनियों ने जबरदस्त रिटर्न दिया है, जिसकी वजह से ग्रुप के मार्केट कैप में बढ़ोतरी देखने को मिली है। खास बात तो ये है कि टाटा ग्रुप का मार्केट कैप पाकिस्तान की कुल जीडीपी से ज्यादा हो गया है। जानकारी के अनुसार टाटा ग्रुप का कुल मार्केट कैप 365 बिलियन डॉलर (30.3 लाख करोड़ रुपए) हो चुका है। वहीं दूसरी ओर आईएमएफ के अनुसार पाकिस्तान की कुल जीडीपी 341 बिलियन डॉलर रह गई है। अगर टाटा ग्रुप की सबसे बडी कंपनी टीसीएस की बात करें तो उसकी वैल्यूएशन 170 बिलियन डॉलर (15 लाख करोड़ रुपए) से ज्यादा हो चुकी है जोकि भारत की दूसरी सबसे बड़ी कंपनी है।




टाटा ग्रुप के एम कैप में इजाफे का प्रमुख कारण बीते एक साल में ग्रुप कंपनियों के शेयरों में जबरदस्त इजाफा होना है। टाटा मोटर्स और ट्रेंट में मल्टीबैगर रिटर्न के अलावा पिछले एक साल में टाइटन, टीसीएस और टाटा पॉवर के शेयरों में जबरदस्त तेजी देखने को मिली है। हाल ही में लिस्टिड टाटा टेक्नोलॉजीज सहित कम से कम 8 टाटा कंपनियों की वैल्यूएशन पिछले एक साल में डबल हो चुकी है जिसमें टीआरएफ, ट्रेंट, बनारस होटल्स, टाटा इन्वेस्टमेंट कॉर्पोरेशन, टाटा मोटर्स, ऑटोमोबाइल कॉर्पोरेशन ऑफ गोवा और आर्टसन इंजीनियरिंग शामिल हैं। टाटा की कम से कम 25 से ज्यादा कंपनियां स्टॉक मार्केट में लिस्टिड हैं, जिनमें से केवल एक (टाटा केमिकल्स जो एक साल में 5 फीसदी नीचे है) की वैल्यूएशन में गिरावट देखने को मिली है। अगर टाटा संस, टाटा कैपिटल, टाटा प्ले, टाटा एडवांस्ड सिस्टम्स और एयरलाइंस बिजनेस (एयर इंडिया और विस्तारा) जैसी नॉन लिस्टिड टाटा कंपनियों के अनुमानित मार्केट कैप को ध्यान में रखा जाए,तो कुल मार्केट कैप में करीब 170 बिलियन डॉलर का और ज्यादा इजाफा देखने को मिल सकता है। भारत की जीडीपी का मौजूदा साइज करीब 3.7 ट्रिलियन डॉलर है। आंकड़ों को देखें तो भारत की जीडीपी पाकिस्तान की इकोनॉमी से करीब 11 गुना बड़ी है। वित्त वर्ष 2028 तक जापान और जर्मनी दोनों को पछाड़कर भारत दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी इकोनॉमी बन सकता है। मौजूदा समय में भारत दुनिया की 5वीं सबसे बड़ी इकोनॉमी है।

## ब्रिटेन-जापान मंदी की चपेट में, ऑस्ट्रेलिया में बेरोजगारी चरम पर

**नई दिल्ली, एजेंसी।** एक बार फिर दुनिया में मंदी की आहट ने दस्तक दे दी है। आने वाले दिनों में दुनिया के कई देश मंदी के दौर में जा सकते हैं। ऐसा हम नहीं कह रहे। ये आंकड़े बताते हैं कि दुनिया में एक बार मंदी दस्तक दे दी है। ब्रिटेन से लेकर जापान तक आर्थिक मंदी का सामना कर रहे हैं। ऑस्ट्रेलिया में बेरोजगारी चरम पर है। ऐसे में सवाल ये है कि क्या आने वाले दिनों में भारत पर भी इसका असर दिखेगा

कोरोना महामारी का दुनिया की इकोनॉमी पर पड़ा बुरा असर खत्म भी नहीं हुआ था कि रूस और यूक्रेन के बीच युद्ध शुरू हो गया। इसने दुनिया में ईंधन की समस्या को तो बढ़ाया ही, साथ ही महंगाई को चरम पर पहुंचा दिया। भारत पर भी इसका असर पूरी तरह दिखा। फिर इसके बाद इजराइल और हमास का संघर्ष शुरू हो गया और ईरान भी इसमें कूद पड़ा। भारत के पड़ोसी मुल्कों को ही देखें तो बांग्लादेश को छोड़कर पाकिस्तान, श्रीलंका और मालदीव सबकी हालत खराब है। भारत जिस ब्रिटेन को पीछे छोड़कर दुनिया की 5वीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बना है और जिस जापान को पीछे करके दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने का दावा कर रहा है। ये दोनों ही देश 2023 के अंत तक मंदी की चपेट में पहुंच चुके हैं। ब्लूमबर्ग की एक रिपोर्ट के मुताबिक लगातार दो तिमाहियों में दोनों देशों की आर्थिक गतिविधियों में गिरावट आई है, जिसकी वजह से दिसंबर 2023 तक इन दोनों देशों में ही मंदी की स्थिति बन चुकी है। अगर



ब्रिटेन को छोड़कर हालत पूरे यूरोप की देखी जाए, तो यूरोपीय आयोग के मुताबिक यूरो जोन की 2024 की शुरुआत नरम रही है। आर्थिक वृद्धि दर अनुमान से कम है।

वहीं अगर यूरोप से बाहर देखें तो ऑस्ट्रेलिया में बेरोजगारी दर पिछले दो साल में सबसे उच्च स्तर पर पहुंच गई है। अमेरिका में भी हालात ठीक नहीं है। जनवरी की शुरुआत में ही यहां कंज्यूमर प्राइस इंडेक्स ने लंबी छलांग लगाई है और महंगाई दर भी काफी ऊंचाई पर है। इस तरह लगभग दुनिया की इकोनॉमी को चलाने वाले सभी बड़े देशों की आर्थिक हालत खराब है। दुनिया की इस आर्थिक महामंदी का असर भारत पर होगा या नहीं, इस बारे में आरबीआई की हाल की मौद्रिक नीति को देखना चाहिए। देश के केंद्रीय बैंक 'भारतीय रिजर्व बैंक' की लगातार कोशिशों के बावजूद महंगाई नीचे नहीं आई है और उसका जमीनी असर भी नहीं दिख रहा है। यही वजह है कि आरबीआई ने रेपो रेट को लगातार छठवीं बार नहीं बदला और ये अब भी 6.5 प्रतिशत के उच्च स्तर पर बनी हुई है। आरबीआई ने देश की जीडीपी ग्रोथ रेट भी 2024-25 में 7 प्रतिशत पर रहने का अनुमान जताया है।

## पीपीबीएल को आरबीआई से राहत मिलने के बाद चढ़े पेटीएम के शेयर, आया पांच प्रतिशत का उछाल

**नई दिल्ली, एजेंसी।** भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने पेटीएम पेमेंट्स बैंक लिमिटेड को किसी भी ग्राहक खाते, प्रीपेड साधन, वॉलेट एवं फास्टैग में 29 फरवरी 2024 के बाद जमा या टॉप-अप स्वीकार न करने का 31 जनवरी को निर्देश दिया था। आदेश के बाद से ही कंपनी के शेयर में भारी गिरावट आई है। अब इस समयसीमा को बढ़ाकर 15 मार्च कर दिया गया है। पेटीएम ब्रांड का मालिकाना हक रखने वाली कंपनी वन97 कम्युनिकेशंस लिमिटेड के शेयरों में सोमवार को पांच प्रतिशत का उछाल आया। कंपनी के शेयरों में यह मजबूती बीते शुक्रवार को आरबीआई की ओर से पेटीएम पेमेंट्स बैंक लिमिटेड को अपना संचालन 15 मार्च तक जारी रखने का निर्देश देने के बाद आया है। बीएसई और एनएसई पर कंपनी के शेयर क्रमशः पांच प्रतिशत चढ़कर 358.55 रुपये और 358.35 रुपये पर पहुंच गए। भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने पेटीएम पेमेंट्स बैंक लिमिटेड को किसी भी ग्राहक खाते, प्रीपेड साधन, वॉलेट एवं फास्टैग में 29 फरवरी 2024 के बाद जमा या टॉप-अप स्वीकार न करने का 31 जनवरी को निर्देश दिया था। आदेश के बाद से ही कंपनी के शेयर में भारी गिरावट आई है। हालांकि, इस आदेश को बाद में 15 मार्च तक बढ़ा दिया गया। पेटीएम पेमेंट्स बैंक लिमिटेड (पीपीबीएल) वन97 कम्युनिकेशंस लिमिटेड (ओसीएल) का सहयोगी है।

## किसानों के लिए आई अच्छी खबर, सरकार ने प्याज के निर्यात पर लगा प्रतिबंध हटाया

**नई दिल्ली, एजेंसी।** प्याज किसानों और व्यापारियों के लिए अच्छी खबर आई है। केंद्र सरकार ने प्याज के निर्यात पर लगाया बैन हटा दिया है। केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह की अध्यक्षता वाली मंत्री समिति ने प्याज निर्यात को मंजूरी दी है। शुरुआत में 3 लाख मीट्रिक टन प्याज निर्यात होगा।



गुजरात और महाराष्ट्र में प्याज के पर्याप्त स्टॉक को देखते हुए सरकार ने प्याज निर्यात से बैन हटाया है। मामले की जानकारी रखने वाले सूत्रों का कहना है कि केंद्रीय मंत्री मनसुख मांडविया ने केंद्रीय गृहमंत्री को प्याज किसानों की स्थिति से अवगत कराया था। प्याज उत्पादक क्षेत्रों में प्याज समेत अन्य सब्जियों की कीमतों में गिरावट आने और देश में प्याज का पर्याप्त भंडार होने के चलते ही सरकार ने निर्यात प्रतिबंध समाप्त करने का फैसला लिया है।

प्याज के उत्पादन में कमी और आसमान पर पहुंची कीमतों के चलते केंद्र सरकार ने बीते 8 दिसंबर को प्याज के निर्यात पर बैन लगा दिया था। 31 मार्च 2024 तक के ये बैन लगाया गया है। पिछले साल दिसंबर महीने में प्याज की कीमतों में तेज बढ़ोतरी देखने को मिली थी, तब प्याज के दाम 100 रुपए प्रति किलो तक पहुंच गए थे। इसके बाद सरकार सक्रिय हुई, जिससे कीमतों पर लगाम लगी।

### सरकार ने बेचा सस्ता प्याज

प्याज निर्यात बैन के साथ ही सरकार ने लोगों को सस्ती प्याज बेचने के लिए भी कदम उठाए और बफर स्टॉक से 25 रुपए प्रति किलो के हिसाब से प्याज बेचा गया। निर्यात बैन के बाद प्याज के सबसे बड़े उत्पादक राज्य महाराष्ट्र में प्याज की कीमत घट गई। इससे देश के सभी हिस्सों में प्याज की मांग और खपत के अनुरूप सप्लाई होने लगी। होलसेल मंडियों में प्याज की अच्छी आवक से भाव नरम हो गए है।



# बुमराह को चौथे टेस्ट से मिल सकता है आराम

## रिपोर्ट में दावा- आखिरी मैच खेलना और न खेलना रांची की जीत-हार पर निर्भर करेगा

**राजकोट।** तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह को भारत और इंग्लैंड के बीच चल रही टेस्ट सीरीज के चौथे मुकाबले से आराम दिया जा सकता है। यह दावा क्रिकेट वेबसाइट क्रिकबज ने किया है। वेबसाइट ने एक रिपोर्ट में लिखा कि बुमराह धर्मशाला में पांचवां और अंतिम टेस्ट खेलेंगे या नहीं, इसका फैसला बाद में होगा और यह 23 फरवरी से शुरू होने वाले चौथे टेस्ट के नतीजे पर निर्भर करेगा। 30 साल के बुमराह इंग्लैंड के खिलाफ सीरीज में टॉप विकेटटेकर हैं। वे तीन मैचों में सबसे ज्यादा 17 विकेट ले चुके हैं। रिपोर्ट में बताया गया कि टीम इंडिया मंगलवार 20 फरवरी को राजकोट से रांची के लिए उड़ान भरेगी और बुमराह के टीम के साथ यात्रा करने की संभावना नहीं है। वे सोमवार को राजकोट से अहमदाबाद जा सकते हैं। किसी और खिलाड़ी के अगला टेस्ट नहीं खेलने की कोई सूचना नहीं है। हालांकि भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (BCCI) का कोई अधिकृत बयान नहीं आया है।

### आराम क्यों?

वर्कलोड मैनेजमेंट के तहत बुमराह को आराम देकर आखिरी टेस्ट में तरोताजा रखना है। बुमराह इस सीरीज के तीन मुकाबलों में 17 विकेट लिए हैं। वे तीन मैचों में 80.5 ओवर गेंदबाजी कर चुके हैं। ऐसे में सिलेक्टर्स को लगता है कि उन्हें आराम की जरूरत है।



# अश्विन के 500 विकेट पर पत्नी का इमोशनल पोस्ट

## लिखा- 500-501 के बीच बहुत कुछ हुआ, वे हमारे जीवन के सबसे लंबे 48 घंटे

**नई दिल्ली।** ऑफ स्पिनर रविचंद्रन अश्विन की पत्नी प्रीति नारायणन ने सोशल मीडिया पर उनके 500 विकेट को लेकर इमोशनल पोस्ट शेयर किया है। प्रीति ने अश्विन के 500वें और 501वें विकेट के बीच के समय को अपने जीवन के सबसे लंबे 48 घंटे बताया है।उन्होंने इंस्टाग्राम पर लिखा, हमने हैदराबाद टेस्ट में 500 विकेट पूरे होने का इंतजार किया, लेकिन ऐसा नहीं हुआ। फिर विशाखापत्तनम में भी ऐसा नहीं हुआ। तो मैंने बस मिठाइयां खरीदीं और घर पर सभी को 499 होने पर खिला दीं। 500 विकेट चुपचाप पूरे भी हो गए। 500 और 501 के बीच बहुत कुछ हुआ। हमारे जीवन के सबसे लंबे 48 घंटे रहे। लेकिन यह 500 के बारे में है। और उससे पहले 499 के बारे में।क्या गजब की उपलब्धि है। शानदार इंसान।

### तीसरे दिन फील्ड पर नहीं उतरे थे

राजकोट टेस्ट के दूसरे दिन 500 टेस्ट विकेट पूरे करने वाले अश्विन को उसी शाम को मैच मैच छोड़कर घर लौटना पड़ा था। मां की तबीयत खराब होने के कारण तीसरे मैच के दूसरे दिन का खेल खत्म होने के बाद चेन्नई लौट गए थे और छुट्टी पर होने की वजह से तीसरे दिन मैदान पर नहीं उतरे थे। हालांकि मैच के चौथे दिन टी ब्रेक के बाद वह फिर से मैदान पर लौटे। उन्होंने टॉम हार्टली का विकेट भी लिया। वहीं उनकी पत्नी ने भारत की जीत के बाद सोशल मीडिया पर यह इमोशनल पोस्ट शेयर किया है।

## संक्षिप्त समाचार

### खेलो इंडिया यूनिवर्सिटी गेम्स में बॉस्केटबॉल- महिला फुटबॉल के मुकाबले शुरू

### गुवाहाटी को मेजबानी

**गुवाहाटी, एजेंसी।** गुवाहाटी में 16 स्पर्धाएं आयोजित की जाएंगी। इनमें एथलेटिक्स, रग्बी, बॉस्केटबॉल, वॉलीबॉल, तैराकी, बैडमिंटन, हॉकी, तलवारबाजी, कबड्डी, महिला फुटबाल, टेनिस, मल्लखंभ, जूडो और टेबल टेनिस शामिल हैं। खेलो इंडिया यूनिवर्सिटी गेम्स (केआईयूजी) के मुकाबले यहां शुरू हो गए। कबड्डी के मुकाबले शनिवार से शुरू हो गए थे। बॉस्केटबॉल, मल्लखंभ और महिला फुटबॉल के मुकाबले रविवार को गुवाहाटी के विभिन्न स्थलों पर आयोजित किए गए।

KHELO INDIA

योगासन स्पर्धा त्रिपुरा की राजधानी अगरतला में हुए। सोमवार को प्रतियोगिता का विधिवत उद्घाटन किया जाएगा। केंद्रीय खेल एवं युवा कल्याण मामलों के मंत्री अनुराग ठाकुर और मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा समारोह में शामिल होंगे। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी भाग लेने वाले खिलाड़ियों के लिए वीडियो संदेश देंगे। गुवाहाटी और अगरतला के अलावा उत्तर पूर्व के पांच अन्य शहर चौथे संस्करण के खेलों की मेजबानी करेंगे।

इन खेलों में 200 यूनिवर्सिटीज के 4500 से ज्यादा खिलाड़ी हिस्सा लेंगे। खेलों का समापन 29 फरवरी को होगा। खेलो इंडिया यूनिवर्सिटी गेम्स केंद्र की खेलो इंडिया पहल का हिस्सा है जिससे ग्रासरूट स्तर पर खेलो को बढ़ावा दिया जा रहा है ताकि देश भर से खेल प्रतिभाओं की तलाश की जा सके। प्रतियोगिता में 20 स्पर्धाओं में 262 स्वर्ण सहित 560 पदक वितरित किए जाएंगे।

### इज़राइल शतरंज लीग

### अर्जुन एरिगासी विश्व रैंकिंग में 16वें स्थान पर पहुंचे

**येरूशलम (इज़राइल) एजेंसी।** भारतीय शतरंज अपने सबसे शानदार दौर में है और ऐसे में हर दिन भारतीय शतरंज के लिए कोई ना कोई युवा खिलाड़ी अच्छी खबर लेकर आता है। आज समाप्त हुई इज़राइल शतरंज लीग में भारतीय ग्रांड मास्टर 20 वर्षीय अर्जुन एरिगासी नें शानदार प्रदर्शन करते हुए 4 मुकाबलों में 4 जीत दर्ज की और इस दौरान



अपनी रेटिंग में महत्वपूर्ण 6.5 अंक जोड़ते हुए विश्व रैंकिंग में 2744.5 अंको के साथ 16वां स्थान हासिल कर लिया है, यह उनके खेल जीवन की अब तक की सर्वश्रेष्ठ रैंकिंग है। अर्जुन नें इस दौरान इज़राइल के तामीर नाबाती, ओरई कोचवी और यहाव एमनेल और स्वीडन के प्लाटोन गलपेरिन को पराजित किया। रोचक बात यह है की फिलहाल भारत के पाँच खिलाड़ी बेहद कम अंको के अंतर से विश्व रैंकिंग में 12वे से 16वें स्थान तक पहुँच गए है। विश्वनाथन आनंद (2748), डी गुकेश (2747.1), आर प्रज्ञानन्दा (2747), विदित गुजराती (2747) और अर्जुन एरिगासी (2744.5) अंको पर है और यह विश्व शतरंज में भारत की बढ़ती ताकत का उदाहरण है।

# भारत ने कैसे निकाली बैजबॉल की हवा

## पहले टेस्ट से सबक लिया और फ्लैट पिचें बनवाकर इंग्लिश गेंदबाजों को बेअसर किया



**राजकोट।** राजकोट में भारत की रन के लिहाज से सबसे बड़ी टेस्ट जीत (434 रन) ने इस बात की गवाही भी दे दी है। इस जीत से टीम इंडिया ने इंग्लैंड के खिलाफ 5 मैचों की सीरीज में 2-1 की बढ़त हासिल कर ली है। चौथा मुकाबला रांची में 23 से 27 फरवरी के बीच खेला जाएगा। भारतीय प्लेयर्स ने पिछले 20 महीनों में इंग्लैंड को चमकाने वाले %बैजबॉल% की हवा कैसे निकाली। आगे 4 पॉइंट्स में समझिए...

### फ्लैट पिचें बनवाईं और इंग्लिश स्पिनर्स बेअसर

इंग्लैंड ने पहला मुकाबला 28 रनों से जीता और सीरीज में 1-0 की बढ़त हासिल कर ली। हैदराबाद में खेले गए इस मुकाबले में इंग्लिश स्पिनर्स ने 18 विकेट निकाले। डेब्यू कर रहे टॉम हार्टले ने कुल 9 विकेट चटकाए। उन्होंने पहली पारी में 2 और दूसरी पारी में 7 बल्लेबाजों को आउट किया। जो रूट को 5, जैक लीच और रेहान अहमद को 2-2 विकेट मिले।

### क्या होता है बैजबॉल?

क्रिकेट बुक में कोई ऑफिशियल बैजबॉल थ्योरी नहीं है, लेकिन इसे इंग्लैंड की टेस्ट टीम के नए अटैकिंग अप्रोच को दर्शाने के लिए नाम दे दिया गया। बैजबॉल 2 शब्दों से मिलकर बना है, इसमें बैज और बॉल शामिल हैं। %बैज% इंग्लैंड की टेस्ट टीम के हेड कोच ब्रेंडन मैक्कुलम का निकनेम है और %बॉल% क्रिकेट का एक एलिमेंट, जिसके बिना खेल पॉसिबल ही नहीं है। इन दोनों शब्दों को मिलाकर %बैजबॉल% बनाया गया। मैक्कुलम न्यूजीलैंड के पूर्व क्रिकेटर हैं और वे अपने करियर के दौरान बहुत अटैकिंग बैटिंग करते थे। ओपनिंग करते हुए वे पहली से आखिरी बॉल तक बड़े शॉट्स लगाने पर ही फोकस करते थे। उन्हीं की स्ट्रैटजी को अब बेन स्टोक्स की कप्तानी वाली इंग्लैंड टेस्ट टीम ने अपना लिया।

### युवाओं की बल्लेबाजी; यशस्वी और सरफराज ने स्वीप शॉट खेले

सीरीज में भारतीय टीम ने रजत पाटीदार, सरफराज खान और ध्रुव जुरेल जैसे युवा बल्लेबाजों को डेब्यू कराया। इससे मिडिल ऑर्डर में मजबूती आई। टॉप ऑर्डर में यशस्वी जायसवाल और शुभमन गिल पहले से मौजूद थे। इन युवाओं ने स्वीप और रिवर्स स्वीप शॉट खेले, जिससे इंग्लैंड की गेंदबाजी कमजोर हुई।

सीरीज की 6 पारियों में यशस्वी जायसवाल 109 के औसत से 545 रन बना चुके हैं। गिल ने भी एक शतक और एक अर्धशतक के दम पर 252 रन बनाए। जबकि सरफराज खान ने डेब्यू मैच में दो अर्धशतकों के सहारे 130 रन का योगदान दिया।



### इंग्लिश मिडिल ऑर्डर फ्लॉप रहा

इंग्लैंड का मिडिल ऑर्डर भारतीय पिचों पर फ्लॉप रहा। जो रूट, बेन स्टोक्स और जॉनी बेयरस्टो वैसी बल्लेबाजी नहीं कर सके, जिसके लिए वे जाने जाते हैं। जो रूट ने 3 मैचों में 77, जॉनी बेयरस्टो ने 102 और बेन स्टोक्स ने 190 रन बनाए हैं। बेन फोक्स भी 109 रन ही बना सके।

सीरीज में बुमराह ने जो रूट को 3, रवींद्र जडेजा ने 2 और रविचंद्रन अश्विन ने एक बार आउट किया। ओवरऑल बुमराह ने रूट को 9वीं बार आउट किया। जबकि जडेजा ने 7वीं बार रूट को पवेलियन भेजा है।

इसी तरह स्टोक्स को जसप्रीत ने दो बार आउट किया। अश्विन ने स्टोक्स को 12वीं बार आउट किया। साथ ही बेयरस्टो को बुमराह और जडेजा ने दो-दो बार पवेलियन की राह दिखाई। बेन फोक्स दो बार अक्षर पटेल का शिकार बने।

### भारतीय तेज गेंदबाजों की रिवर्स स्विंग

दूसरे और तीसरे टेस्ट में भारत के तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह और मोहम्मद सिराज ने रिवर्स स्विंग का प्रयोग किया। इसका दोनों को फायदा भी मिला। वे सीरीज के टॉप विकेटटेकर हैं। बुमराह के नाम 3 मैचों में 17 विकेट हैं। उन्होंने दूसरे टेस्ट में कुल 9 विकेट लेकर भारत को जीत दिलाई। पहले टेस्ट में बुमराह के नाम 6 विकेट रहे। बुमराह के अलावा, सिराज ने 4 विकेट हासिल किए। सिराज को चारों सफलताएं राजकोट टेस्ट में मिलीं।

# बेन स्टोक्स ने की डीआरएस से अंपायर्स कॉल हटाने की मांग, कहा- भारत में...



राजकोट, एजेंसी। राजकोट टेस्ट में भारत के खिलाफ मिली करारी हार के बाद इंग्लैंड के कप्तान बेन स्टोक्स ने अंपायर कॉल को खत्म करने की मांग की है। स्टोक्स का यह बयान चौथे दिन जैक क्रॉली के विकेट को लेकर आया जिन्हें अंपायर कॉल के चलते आउट दिया गया। इंग्लिश कप्तान का कहना है कि वह एक दो बार नहीं बल्कि तीन बार गलत एंड पर थे। स्टोक्स ने गुहार लगाई है कि टीमों के पास समान अवसर होना चाहिए और निर्णय पूर्ण होना चाहिए। इंग्लैंड की दूसरी पारी के 9वें ओवर में जब जसप्रीत बुमराह की गेंद क्रॉली के पैड पर लगी तो अंपायर कुमार धर्मसेना ने अपनी उंगली उठा दी। इंग्लिश ओपनर ने डीआरएस का विकल्प चुना और बॉल-ट्रैकर ने दिखाया कि गेंद लेग स्टंप को छूकर जा रही है, जिससे क्रॉली को वापस जाने के लिए मजबूर होना पड़ा। मैच के बाद स्टोक्स और मैकुलम को मैच रेफरी जेफ क्रो के साथ बातचीत करते देखा गया। मैच के बाद मीडिया से बात करते हुए स्टोक्स ने कहा कि वह मानते हैं कि अंपायरों का काम काफी कठिन है और अस्पष्टताओं को दूर करने की जरूरत है। बेन स्टोक्स ने कहा, हम इस मैच में तीन बार अंपायर कॉल पर गलत एंड पर रहे हैं और यह छ्रत्रू का हिस्सा है। आप या तो सही पक्ष पर हैं या गलत पक्ष पर। दुर्भाग्य से, हम गलत पक्ष पर रहे। आप बस समान अवसर चाहते हैं।

# विकेट लेने के लिए मेहनत करनी पड़ी: जडेजा

**राजकोट, एजेंसी।** भारत की इंग्लैंड के खिलाफ 434 रन की शानदार जीत में अपने हरफनमौला प्रदर्शन से प्लेयर ऑफ द मैच बने आलराउंडर रवींद्र जडेजा ने रविवार को कहा कि इस विकेट पर आपको आसानी से विकेट नहीं मिलेंगे, यहां आपको मेहनत करनी होगी। आपको विकेट लेने के लिए मेहनत करनी होगी, सही एरिया में गेंद करनी होगी। मैच के बाद जडेजा ने प्रेजेंटेशन में कहा ,हम 33 पर तीन थे तो जब मैं आया तो मैंने रोहित के साथ साझेदारी बढ़ाने की सोची। यह मुश्किल स्थिति थी, मैं बस अपनी ताकत पर विश्वास कर रहा था, अपने शॉट खेल रहा था, अधिक कुछ नहीं सोच रहा था



मैच में शतक बनाने और कुल सात विकेट लेने वाले जडेजा ने कहा,इस विकेट के बारे में मैं जानता हूं, जब पहले बल्लेबाजी होती है तो गेंद अच्छे से बल्ले पर आती है लेकिन बाद में गेंद टर्न लेती है। जब रोहित ने टॉस जीता तो मुझे बहुत अच्छा लगा। मैच की दूसरी पारी में नाबाद दोहरा शतक बनाने वाले यशस्वी जायसवाल ने कहा,मैं बस कोशिश कर रहा था ...जब भी मैं सेट हो जाऊं, तो बड़ा स्कोर बनाऊं। क्योंकि टेस्ट क्रिकेट में आप कभी नहीं जानते, जब आप अच्छा खेल रहे हों तो आपको इसे बड़ा करना होगा। (इस दोहरे शतक के विभिन्न चरण) यह मेरे लिए काफी मुश्किल था क्योंकि शुरुआत में मैं रन नहीं बना पा रहा था। इसलिए सेशन खेलना पड़ा और सेट होना पड़ा। तभी मुझे लगा कि मैं रन बना सकता हूं। थोड़ी देर बाद मेरी पीठ ठीक नहीं थी।

# ऑटिज्म स्पेक्ट्रम डिसऑर्डर से पीड़ित बच्चों ने 165 किमी तैराकर बनाया नया विश्व रिकॉर्ड

**चेन्नई ,एजेंसी।** ऑटिज्म स्पेक्ट्रम डिसऑर्डर (एएसडी) से पीड़ित बच्चों के एक समूह ने कुड्डालोर से चेन्नई तक 165 किलोमीटर तैराकी करके नया विश्व रिकॉर्ड बनाया। नौ से 19 वर्ष के 14 बच्चों ने गजब की प्रतिबद्धता दिखाई और तमिलनाडु के तटीय क्षेत्र में तैराकी करके इतिहास रचा। इस समुद्री तैराकी अभियान का आयोजन रिले प्रारूप में किया गया था। इस दौरान उनके ट्रेनर नाव में सवार थे। 'यादवी स्पोर्ट्स एकेडमी फॉर स्पेशल नीड्स के संस्थापक और मुख्य कोच सतीश




शिवकुमार ने कहा कि इसतरह से इन बच्चों ने 'विश्व रिकॉर्ड बनाया। उन्होंने कहा, 'मुझे इन बच्चों की प्रतिबद्धता और जज्बे पर गर्व है। ऑटिज्म से पीड़ित इन 14 बच्चों का समुद्री तैराकी अभियान एक उपलब्धि से भी बढ़कर है। ऑटिज्म एक न्यूरोलॉजिकल विकार है जो पीड़ित का दूसरों के साथ संपर्क को प्रभावित करता है। तमिलनाडु के पूर्व पुलिस महानिदेशक सी सिलेंद्र बाबू ने बच्चों को सम्मानित किया। उन्होंने कहा, 'भागीदारों में तीन बच्चे ऐसे थे जिन्होंने लगातार 17 किलोमीटर तक तैराकी की जबकि एक लड़की 10 किलोमीटर तक लगातार तैरती रही। उन्होंने दिखाया कि विकलांगता उनकी राह में रोड़ा नहीं बन सकती है।

# शिवाजी महाराज का निर्देशन करने जा रहे हैं रितेश देशमुख



साल 2022 में रितेश देशमुख ने ब्लॉकबस्टर मराठी फिल्म वेद का निर्देशन किया था। वेद के साथ रितेश ने अपने निर्देशन करियर की भी शुरुआत की थी। फिल्म में रितेश ने मुख्य भूमिका निभाई थी। वहीं, उनकी पत्नी और अभिनेत्री जेनेलिया भी इस फिल्म में मुख्य भूमिका में थीं। बॉक्स ऑफिस पर इस फिल्म ने जबर्दस्त कमाई की थी और मराठी में सबसे ज्यादा कमाई करने वाली फिल्मों में से एक रही थी। वेद की सफलता के बाद रितेश अब अपनी अगली फिल्म के निर्देशन के लिए तैयार हैं। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, रितेश देशमुख छत्रपति शिवाजी महाराज के जीवन पर आधारित फिल्म का निर्देशन करने जा रहे हैं। रिपोर्ट्स की माने तो रितेश न सिर्फ फिल्म का निर्देशन करेंगे, बल्कि छत्रपति शिवाजी महाराज की मुख्य भूमिका भी निभाएंगे। फिल्म के प्री-प्रोडक्शन का काम पूरा हो चुका है और जल्द ही यह फिल्म फ्लोर पर जाएगी। चर्चा ये भी है कि छत्रपति शिवाजी महाराज पर बनने जा रही यह फिल्म रितेश देशमुख की महत्वाकांक्षी प्रोजेक्ट में से एक है। फिल्म का संगीत अजय अतुल तैयार कर रहे हैं। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, यह फिल्म हिंदी और मराठी दोनों भाषाओं में बनेगी, जिसका निर्माण मुंबई फिल्म कंपनी और जियो स्टूडियोज मिलकर करेंगे। राष्ट्रीय पुरस्कार विजेता सिनेमैटोग्राफर संतोष सिवन इस फिल्म के साथ मराठी सिनेमा में अपने करियर की शुरुआत करने जा रहे हैं।

# राजनीति में कदम रख सकती है ईशा



बॉलीवुड एक्ट्रेस ईशा देओल बीते काफी समय से चर्चा में बनी हुई हैं। हाल ही में एक्ट्रेस का भरत तख्तानी से तलाक हो गया है, कपल ने सोशल मीडिया पर पोस्ट पर अपने तलाक की घोषणा की थी। खबर है कि तलाक के बाद ईशा अपनी दोनों बेटियों के साथ अपनी मां हेमा मालिनी के साथ रहेंगी। अब मां हेमा ने अपनी बेटी ईशा को लेकर एक बड़ा हिंट दिया है, जिससे हलचल मच गई है। हेमा मालिनी ने अपनी बड़ी बेटी ईशा देओल के पॉलिटिक्स जॉइन पर करने टिप्पणी की है। हेमा ने कहा कि कि उनकी बेटी ईशा देओल भी राजनीति में कदम रख सकती हैं। वो बोलीं कि उन्हें भी इसमें दिलचस्पी है। हेमा मालिनी ने हाल ही में बात करते हुए कहा कि मेरा परिवार हमेशा मेरे साथ है। उनकी वजह से मैं यह करने में सक्षम हूं। वे मुंबई में मेरे घर की देखभाल कर रहे हैं, इसलिए मैं बहुत आसानी से मथुरा आ रही हूं। मैं आती हूं और वापस चली जाती हूं। मैं जो कुछ भी कर रही हूं, उससे धरम जी बहुत खुश हैं और इसलिए वो मेरा समर्थन करते हैं और मथुरा भी आते हैं। वहीं एक्ट्रेस से जब पूछा गया कि क्या उनकी बेटियां ईशा और अहाना भी राजनीति में आने में दिलचस्पी रखती हैं? इस पर हेमा मालिनी ने कहा कि अगर वो चाहें। लेकिन ईशा को पॉलिटिक्स में रुचि है और उन्हें ये करना पसंद होगा। कुछ सालों में हो सकता है कि वो पॉलिटिक्स ज्वाइन कर भी लें। अब हेमा मालिनी के इस बयान ने राजनीतिक गलियारों से लेकर फिल्म इंडस्ट्री तक में तहलका मचा दिया है।

# ब्लैक मोनोकिनी में रुबीना दिलैक ने बिखेरा जलवा

टीवी की फेमस एक्ट्रेस के बारे में जिक्र किया जाए तो उसमें रुबीना दिलैक का नाम जरूर आता है। प्रेगनेंसी पीरियड की वजह से लंबे समय से रुबीना मनोरंजन जगत से दूरी बनाए हुए हैं, लेकिन अपनी जुड़वा बेटियों के चलते आए दिन उनका नाम लगातार सुर्खियां बटोरता रहता है। रुबीना सोशल मीडिया पर काफी एक्टिव रहती हैं और अकसर ही अपनी तस्वीरें और फोटोज शेयर करती रहती हैं। रुबीना दिलैक ने एक बार फिर अपनी बोल्ड तस्वीरें शेयर की हैं जो फैंस का ध्यान खींच रही हैं। एक्ट्रेस अपनी लेटेस्ट तस्वीरें में मोनोकिनी पहने नजर आ रही हैं। इन तस्वीरों को लिए एक्ट्रेस को काफी ट्रोल किया जा रहा है।

## ब्लैक मोनोकिनी में रुबीना दिलैक ने बिखेरा जलवा

बिग बॉस 14 की विजेता रुबीना रुबीना दिलैक ने हाल ही में अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर कुछ तस्वीरें शेयर की हैं। इन तस्वीरों में रुबीना दिलैक ब्लैक कलर की मोनोकिनी में पोज देती हुई नजर आ रही हैं। मोनोकिनी के साथ रुबीना ने ट्रांसपेरेंट श्रग लिया है। उन्होंने इसके साथ ब्लैक गॉगल्स और बालों में हाई बन बनाया है जो उनके लुक को और भी खूबसूरत बना रहा है। एक तस्वीर में वह स्विमिंग पूल में पोज देती नजर आ रही हैं। इन तस्वीरों को उनके पति अभिनव शुक्ला ने क्लिक की हैं। फोटोज शेयर करते हुए रुबीना ने कैप्शन में अपने पति के लिए लिखा, जिस तरह आप मुझे देखते हैं, उससे मुझे प्यार है।

## सोशल मीडिया पर ट्रोल हुई एक्ट्रेस

रुबीना दिलैक की तस्वीरें देखकर जहां कुछ लोग उनकी जमकर तारीफ करते नजर आ रहे हैं, तो वहीं कुछ लोग उन्हें ट्रोल भी कर रहे हैं। एक यूजर ने एक्ट्रेस की फोटोज पर कमेंट करते हुए लिखा कि वाहियात पहनकर हद पार कर दी। एक ने लिखा, आपसे ऐसी उम्मीद नहीं थी मैम।



बाफ्टा पुरस्कार

# दीपिका ने जोनाथन ग्लेजर को सर्वश्रेष्ठ फिल्म का सम्मान सौंपा



**लॉस एंजेलिस।** भारतीय अभिनेत्री दीपिका पादुकोण ने बाफ्टा अवार्ड्स में द जोन ऑफ इंटरेस्ट के लिए जोनाथन ग्लेज़र को अंग्रेजी भाषा में नहीं सर्वश्रेष्ठ फिल्म का सम्मान सौंपा।इवेंट में मशहूर फैशन डिजाइनर सब्यसाची की डिजाइन की हुई सिल्वर शिमरी सीक्विन्ड साड़ी और मैचिंग ब्लाउज पहने हुए अभिनेत्री काफी खूबसूरत लग रही थीं।द जोन ऑफ़ इंटरेस्ट 20 डेज़ इन मारियुपोल, एनाटॉमी ऑफ़ ए फ़ॉल, पास्ट लाइव्स और सोसाइटी ऑफ़ द स्नो जैसी फिल्मों के साथ प्रतिस्पर्धा कर रही थी।यह पहली बार नहीं है जब दीपिका किसी अंतर्राष्ट्रीय पुरस्कार समारोह के केंद्र में पहुंची हों।पिछले साल ही उन्हें ऑस्कर में देखा गया था, जब उन्होंने फिल्म आरआरआर का गाना नट्टू नट्टू पेश किया था।द जोन ऑफ इंटरेस्ट की बात करें तो यह ऑशविट्ज़ एकाग्रता शिविर के बारे में एक यूके-पोलिश ऐतिहासिक नाटक है।यह फिल्म मार्टिन एमिस के 2014 के उपन्यास पर आधारित है।

# शाहरुख अब बेटे आर्यन के लिए हुए शर्टलेस

बॉलीवुड के किंग खान इन दिनों अपने बेटे आर्यन खान के फैशन ब्रांड डी यवोल एक्स का प्रमोशन करते दिखाई दे रहे हैं। स्टार ने एक विज्ञापन में शर्टलेस होकर अपनी बॉडी दिखाई। अपने बेटे के फैशन ब्रांड डी यवोल एक्स के लिए शाहरुख खान ने अपने सोशल मीडिया अकाउंट पर नया विज्ञापन शेयर किया है, इसमें हम 2023 की एक्शन थ्रिलर पठान से उनका लुक देख सकते हैं।



वीडियो में किंग खान को लंबे बालों और दाढ़ी वाले लुक में देखा जा सकता है। उन्होंने काला चश्मा पहन रखा है और उनके हाथ में एक गिलास है। इसमें वह अपने बाइसेप्स और एब्स दिखा रहे हैं। यह वीडियो मुंबई एयरपोर्ट पर दिखाया गया। स्टार ने लिखा कि अब मुंबई हवाई अड्डे पर इसे देखने के लिए उत्साहित हूं। नई लाइफस्टाइल वाली चीजें जल्द ही आ रही हैं। मुझे नए कार्गो पसंद हैं। वीडियो ने इंटरनेट पर हलचल मचा दी है और प्रशंसक स्वदेश अभिनेता पर प्यार बरसा रहे हैं। एक प्रशंसक ने कहा कि शाहरुख खान की जगह कोई नहीं ले सकता, जबकि दूसरे ने लिखा, पठान लुक।

2023 में, आर्यन ने अपना लक्जरी क्लोदिंग फैशन ब्रांड डी यवोल एक्स लॉन्च किया था। उन्होंने ब्रांड के लिए एक विज्ञापन वीडियो भी बनाया, इसमें वह और शाहरुख शामिल थे। आर्यन वर्तमान में सीरीज स्टारडम की शूटिंग कर रहे हैं, इसके लिए वह शो रनर, लेखक और निर्देशक हैं। शाहरुख को पिछली बार कॉमेडी ड्रामा डंकीमें देखा गया था, इसमें उनके साथ तापसी पन्नू, विक्की कौशल और बोमन ईरानी थे।

# शादी के 3 साल बाद पापा बनने जा रहे हैं वरुण

## पत्नी नताशा के बेबी बंप को किस करते हुए शेयर की तस्वीर

बी-टाउन में इस साल कई स्टार्स के घर नन्हें बच्चों की किलकारी गूंजने वाली हैं। अब इस लिस्ट में बॉलीवुड के हैंडसम हंक वरुण धवन का नाम भी जुड़ गया है। जी हां, वरुण धवन पापा बनने वाले हैं। हाल ही में एक्टर ने पत्नी नताशा दलाल की प्रेग्नेंसी की खबर फैंस के साथ शेयर की। एक्टर ने पत्नी संग बेहद ही प्यारी तस्वीर शेयर कर प्रेग्नेंसी अनाउंस की। शेयर की तस्वीर में वरुण धवन घुटने पर बैठ पत्नी के बड़े से बेबी बंप को चूमते नजर आ रहे। इस मोनोक्रोम तस्वीर में वरुण और नताशा का प्यारा सा डॉगी भी है जो सोफे पर बैठे कपल को बड़े ही प्यार से देख रहा है। वहीं वरुण व्हाइट शर्ट और जींस में दिखे। इस तस्वीर के साथ वरुण ने लिखा-हम प्रेग्नेंट हैं। बस आपका आशीर्वाद और प्यार चाहिए। इस मोनोक्रोम तस्वीर पर फैंस खूब प्यार लुटा रहे हैं। वरुण धवन और नताशा दलाल ने 24 जनवरी 2021 में शादी की थी। वह और नताशा बचपन के दोस्त हैं और छठी क्लास से साथ हैं। हालांकि उन्हें प्यार एक कॉन्सर्ट के दौरान हुआ था। अब शादी के 3 साल बाद कपल के घर नन्हें बच्चे की किलकारी गूंजने वाली है।





# बॉलीवुड में कमबैक पर बोलीं आयशा


आयशा टाकिया बॉलीवुड की खूबसूरत अभिनेत्रियों में से एक हैं। आयशा ने फिल्म टार्जन- द वंडर कार से एक्टिंग की दुनिया में कदम रखा था। इस फिल्म में वह अभिनेता वत्सल सेठ के अपोजिट नजर आईं थीं। इसके अलावा टार्जन-द वंडर कार में अजय देवगन भी नजर आए थे। आयशा भले ही फिल्मी दुनिया से दूर हैं, लेकिन सोशल मीडिया पर काफी एक्टिव हैं। हाल ही में, आयशा ने ट्रोल्स को जवाब देते हुए कहा है कि उन्हें अब फिल्में करने में कोई दिलचस्पी नहीं हैं।

पूर्व बॉलीवुड अभिनेत्री आयशा टाकिया आजमी को अपने बेटे के साथ मुंबई एयरपोर्ट पर नजर आईं। अभिनेत्री की कई तस्वीरें और वीडियो सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर वायरल हो गईं और नेटिजंस ने कहा कि वह पहचान में नहीं आ रही थीं। कई यूजर्स ने प्लास्टिक सर्जरी के बाद अपना चेहरा बर्बाद करने के लिए अभिनेत्री को खूब ट्रोल भी किया। हालांकि, बाद में अभिनेत्री ने इन ट्रोल्स को मुंहतोड़ जवाब भी दिया था। अब सोशल मीडिया पर आयशा के बॉलीवुड कमबैक की खबरों ने भी खूब सुर्खियां बटोरी थीं।

अब इन खबरों पर प्रतिक्रिया देते हुए आयशा ने अपने कमबैक की खबरों का खंडन किया है। आयशा ने कहा, यह कहने की जरूरत है कि दो दिन पहले मैं गोवा पहुंची थी। मेरे परिवार में एक मेडिकल इमरजेंसी थी। मेरी बहन अस्पताल में है। इन सबके बीच मुझे कुछ लोगों ने रोका और मैंने उनके लिए पोज भी दिए थे। बाद में पता चला कि देश में मेरी शक्ल-सूरत को लेकर ट्रोल किया जा रहा है।

# मैंने हिंदी फिल्में देखना बंद कर दिया है, इनमें कोई दम नहीं

## नसीरुद्दीन शाह ने एक बार फिर बॉलीवुड पर कसा तंज



दिग्गज एक्टर नसीरुद्दीन शाह अक्सर अपनी राय रखते हैं और कुछ भी बोलने में जरा भी नहीं कतराते। एक्टर कई बार फिल्म इंडस्ट्री के बारे में काफी कुछ बोल चुके हैं और अब उन्होंने फिर से बॉलीवुड पर निशाना साधा है। एक्टर ने कहा है कि उन्होंने बॉलीवुड फिल्में देखना बंद कर दिया है।

एक्टर नसीरुद्दीन शाह का भारतीय फिल्म इंडस्ट्री में योगदान बहुत बड़ा है। उन्होंने बॉलीवुड के उतार-चढ़ाव देखे हैं और इसलिए, इंडस्ट्री की फिलहाल की स्थिति के बारे में उनकी राय बहुत मायने रखती है। हालांकि, एक इंटरव्यू में एक्टर और डायरेक्टर ने कहा कि वह हिंदी सिनेमा की मौजूदा स्थिति से निराश हैं। नसीरुद्दीन शाह का कहना है कि उन्होंने हिंदी सिनेमा देखना बंद कर दिया है। एक इवेंट के दौरान, दिग्गज एक्टर नसीरुद्दीन शाह ने कहा कि यह कहते हुए गर्व होता है कि हिंदी सिनेमा 100 साल पुराना है। लेकिन उनके मुताबिक फिल्म निर्माता एक जैसी ही फिल्में बनाते रहे हैं। यह मुझे निराश करता है। मैंने हिंदी फिल्में देखना बंद कर दिया है, मुझे वे बिल्कुल पसंद नहीं हैं।

73 वर्षीय एक्टर ने आगे कहा कि हिंदी फिल्में दुनिया भर में केवल इसलिए देखी जा रही हैं क्योंकि भारतीय अपनी जड़ों और अपनी मातृभूमि से जुड़ाव पाते हैं। लेकिन अगर चीजें इसी गति और तरीके से चलती रहीं तो जल्द ही हर कोई ऊब जाएगा। उन्होंने कहा, हिंदुस्तानी खाना हर जगह पसंद किया जाता है क्योंकि इसमें दम होता है। हिंदी फिल्मों में क्या दम है? जी हां, उन पर हर जगह नजर रखी जा रही है। कितना विदेशी, कितना भारतीय, कितना रंगीन। जल्द ही वे इससे ऊब जाएंगे क्योंकि इसमें कोई दम नहीं है।

## अब बहुत देर हो चुकी है

ऐसा कहने के बाद, गहराइयां एक्टर को लगता है कि हिंदी सिनेमा के लिए कुछ उम्मीद तभी है जब निर्माता उन्हें सिर्फ पैसा कमाने का साधन मानना बंद कर दें। हालांकि, नसीरुद्दीन शाह को लगता है कि अब बहुत देर हो चुकी है और कोई समाधान नहीं है। अपने दावों का सपोर्ट करते हुए, एक्टर ने कहा, क्योंकि जिन फिल्मों को हजारों लोग देख रहे हैं, वे बनती रहेंगी और लोग उन्हें देखते रहेंगे, भगवान जाने कब तक। इसलिए जो लोग गंभीर फिल्में बनाना चाहते हैं, उनकी जिम्मेदारी है कि वे आज की वास्तविकता दिखाएं और इस तरह से कि उन्हें कोई फतवा न मिले या ईडी उनके दरवाजे पर दस्तक न दे।